## न्यूज ब्रीफ

### कोटेदार पर घटतौली का आरोप

**बिलसंडा :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव मझिगवां में कोटेदार पर घटतौली का आरोप लगा है। ग्रामीणों ने डीएम समेत अन्य अधिकारियों से शिकायत की है। जिसमें राशन कम देने और धमकाने का आरोप लगाया है। शिकायत करने वालों में अमित सिंह, अरविंद सिंह, प्रेमपाल, रमन, प्रमोद कुमार आदि हैं। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### एसडीएम ने टीम संग किया निरीक्षण

**बिलसंडा, अमृत विचार :** बीसलपुर एसडीएम नागेंद्र पांडेय, पशु चिकित्साधिकारी डॉ .जगदेव सिंह ने बुधवार को ग्राम सिमरा और बकैनिया ताल्लुके रामपुर स्थित गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान गहनता से गोवंशीय पशु के खानपान व इलाज की व्यवस्थाएं चेक की गईं। भूसा, हरा चारा, पानी, सफाई आदि का जायजा लिया। सिमरा गोशाला में 76 और बकैनिया में 81 गोवंश संरक्षित बताए गए। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में सर्दी बढ़ने पर व्यवस्थाएं और दुरुस्त करें। देर शाम बीडीओ अमित शुक्ला ने भी निरीक्षण किया।

### मिशन शक्ति के तहत हुए कई कार्यक्रम

**बीसलपुर, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं द्वारा मिशन शक्ति फेस 5 .0 के तहत रैली निकालकर बेटियों की शिक्षा को लेकर जागरुक किया। स्कूल में मीना दिवस मनाया गया। जिसमें कक्षा आठ की छात्रा पूजा गंगवार को मीना प्रेरक बनाकर केक काटा गया। छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों को धारण किया। वार्डन निशा पांडे, सरोजिनी गंगवार, नमिता ,दीप्ति, निश्चल गंगवार आदि मौजूद रहे।

# सड़कों पर कई फीट गड्ढे, बन गए मुसीबत

## सालों से टूटी है ग्राम बिनौर की सड़क, नहीं पहुंची एंबुलेंस, स्ट्रेचर पर लिटाकर ले जाना पड़ा मरीज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गत दिनों बारिश में बह गई थी सड़क, अब पैदल चलना भी दूभर, डीएम से शिकायत

**अमृत विचार :** टूटी सड़कों और गहरे गड्ढों ने ग्राम बिनौर के लोगों की तकलीफ इतनी बढ़ा दी हैं कि एंबुलेंस तक मरीज के दरवाजे तक नहीं पहुंच पा रही। हालात इतने बदतर हैं कि लोगों को बीमार परिजनों को एक किमी पहले ही एंबुलेंस से उतारकर स्ट्रेचर पर लिटाकर कीचड़ और टूटी सड़क के रास्ते अस्पताल ले जाना पड़ रहा है। बारिश में बह चुकी सड़क अब पैदल चलने लायक भी नहीं बची। जिम्मेदार समस्या का समाधान नहीं कर सके हैं। इधर, रास्ता न होने के चलते बच्चे भी स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। हालात से परेशान ग्रामीणों ने वीडियो वायरल कर डीएम से शिकायत की है।

बता दें कि जिले की सबसे बड़ी तहसील पूरनपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत शिवनगर के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिनौर में करीब 70 से अधिक घर बने हुए हैं। जहां दशकों से करीब 500 से अधिक लोग परिवार के साथ रहकर जीवन यापन कर रहे हैं। यह गांव ग्राम पंचायत शिवनगर का मजरा है। कई साल पहले यहां खड़ंजा डाला गया था, जो बारिश के दौरान आई बाढ़ में बह गया। ऐसे में रास्ते पर सात से आठ फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं। इसके अलावा पूरी सड़क टूटी और सिर्फ मिट्टी और बजरी फैली हुई। इस गांव के रहने वाले 30 वर्षीय सोनू का असम हाईवे पर एक्सीडेंट हो गया था। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गया था। इस पर परिवार वालों ने उसे ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया था। जहां ऑपरेशन होने के बाद वह मंगलवार को घर आया था, लेकिन जब गांव में एंबुलेंस पहुंची तो रास्ता खराब था। जिसके चलते एंबुलेंस नहीं जा सकी। इस पर एक किलोमीटर पहले ही मरीज को उतार लिया गया। मरीज के परिजन पहले उसे स्ट्रेचर की मदद से ऊबड़ खाबड़ रास्ते से पैदल लेकर घर तक पहुंचे। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे तरह से ही ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसको लेकर कई बार ग्राम प्रधान से भी शिकायत की गई, लेकिन उन्होंने सुनवाई नहीं की, जबकि यह गांव बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में आता है, इसके बाद भी जनप्रतिनिधि भी अनजान बने हुए हैं। सड़क के अलावा स्ट्रीट लाइट की भी कमी है। बुधवार को ग्रामीणों ने मामले की शिकायत से की है। जिसमें कहा गया कि इस गांव में अभी तक किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला है।

> इस मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। गांव में टीम भेजकर दिखवाया जाएगा। कहीं कोई समस्या मिलती है तो समाधान कराएंगे।
>
> – **अजीत प्रताप सिंह**, एसडीएम पूरनपुर

### हमारा दर्द नहीं समझ रहे जिम्मेदार

दशकों से गांव में जीवन यापन कर रहे है, लेकिन आज तक किसी जिम्मेदार ने दर्द समझने की कोशिश नहीं की। न ही सड़क है और न ही लाइटें। ऐसे में बच्चे भी स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। – **राशपाल सिंह**, ग्रामीण

गांव में सड़क न होने से काफी परेशानी हो रही हैं। मंगलवार को भतीजे की अस्पताल से छुट्टी हुई थी। एंबुलेंस लेकर घर आए थे, लेकिन रास्ता न होने के कारण स्ट्रेचर पर लेकर आना पड़ा। पीड़ा को कोई समझने को तैयार नहीं है। कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत कर चुके हैं। – **नरेंद्र कौर**, ग्रामीण

एक तरफ हर गांव में लाइट और सड़क देने का वादा किया जा रहा है, लेकिन हमारे गांव में न लाइट और न ही सड़क। जंगल से सटा इलाका है। जानवरों का खतरा भी रहता है। फिर भी कोई सुनने को तैयार नहीं है। – **गुरुदर्शन सिंह**, ग्रामीण

इस गांव की याद सिर्फ जनप्रतिनिधियों को चुनाव में आती है। जहां वादों के बीच वोट मांगे जाते है, लेकिन विकास के नाम पर एक ढेला भर का काम नहीं हुआ है। पूरी पंचायत में यह गांव ही अछूता पड़ा हुआ है। – **पिंदर कौर**, ग्रामीण

# स्वास्थ्य शिविर में 760 मरीजों ने लिया परामर्श



स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का चेकअप करती चिकित्सक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गर्भवती महिलाओं की हुई जांच, आभा आईडी भी गई बनाई
- डॉक्टरों ने महिलाओं, पुरुषों को सलाह देकर किया इलाज

**अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर बुधवार को जहानाबाद सीएचसी में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। इसकी शुरुआत ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार ने कराई।

सीएमओ डॉ. आलोक कुमार के निर्देशन में स्वास्थ्य शिविर में जिला स्तरीय विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों को परामर्श और उपचार किया। शिविर में करीब 760 मरीजों का नामांकन कराया। जिसमें 400 महिलाओं, 300 पुरुषों और 250 बच्चों ने विभिन्न चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सक, योग एवं आयुष विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट, ऑप्टोमेट्रिस्ट, परिवार नियोजन काउंसलर और एनसीडी विभाग के चिकित्सकों ने मरीजों का उपचार किया। साथ ही पैरामेडिकल स्टाफ ने भी सक्रिय सहयोग दिया।

इधर, शिविर में गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच की गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश गंगवार ने शासन की ओर से उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी मरीजों को दी और उन्हें इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में पहुंचे लाभार्थियों की आभा आईडी भी बनाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विश्व दीपक पांडे ने किया। इस मौके पर डॉ. हरजिंदर सिंह, डा. सौरभ गंगवार , डॉ. देवेंद्र अस्थाना, डॉ. अकुल अग्रवाल, बीपीएम प्राची, बीसीपीएम धर्मपाल, फार्मासिस्ट संदीप, हरिओम, रवि, ब्रजमोहन, अनिकेत यादव, नजरीन हसन आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल विद्यार्थियों की कक्षाएं आरंभ

**पीलीभीत, अमृत विचार:** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय पीलीभीत में पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों की कक्षाएं शुरू हो चुकी है। विभिन्न विभागों की फैकल्टी के वरिष्ठ संकाय सदस्यों को इन पाठ्यक्रमों के लिए नोडल एवं सह-नोडल अधिकारी नामित किया गया है। ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण व मार्गदर्शन प्राप्त हो सके।

कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थी एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर तकनीशियन, ऑडियो एवं स्पीच थेरैपी, ब्लड ट्रांसफ्यूजन, सीटी स्कैन, एक्स-रे, डायलिसिस, इमरजेंसी एवं ट्रॉमा केयर, ओटी तकनीशियन, लैब तकनीशियन, ऑप्टोमेट्री, ऑर्थोपेडिक एवं प्लास्टर तकनीशियन और फिजियोथेरैपी विविध डिप्लोमा कोर्स की पढ़ाई करेंगे। प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा ने बताया कि पैरामेडिकल विद्यार्थी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होते हैं। प्रयास है कि छात्रों को आधुनिक तकनीक और प्रायोगिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए।

# रेस में कविता और कपिल ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर भारी बारिश के दौरान खेल प्रतियोगिताएं स्थगित कर दी गई थी। इन्हें बुधवार को गांधी स्टेडियम में कराया गया। खिलाड़ियों का ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनिल महेंद्रू ने हौसला बढ़ाया।

बालिका वर्ग की 100 मीटर रेस में पूर्णिमा, छाया, पायल , 200 मीटर रेस में पूर्णिमा ,शगुन, अनिका, 400 मीटर रेस में पूर्णिमा,शगुन, मोहिनी , 800 मीटर में सविता ,सीतू, मोहिनी, 1500 मीटर रेस में सविता, रुचि, सीतू, 3000 मीटर रेस में सविता, सीतू, रुचि, क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग की 100 मीटर रेस में आर्य राज ,कामरान,पंकज, 200 मीटर में आर्यराज ,हरिश्चंद्र ,गौरव, 400 मीटर दौड़ में हरिश्चंद्र, अर्पण, गौरव, 800 मीटर रेस में राम मूर्ति, अमित, जीत कुमार, 1500 मीटर रेस में गौरव ,अशोक, अंकित , 3000 मीटर रेस में कपिल, अर्जुन, पुष्पेंद्र क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की लंबी कूद में आलिया प्रथम, मंजू द्वितीय, बालक वर्ग की लंबी कूद में विपिन प्रथम ,अंकित द्वितीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग के चक्का फेंक प्रतियोगिता में मंजू प्रथम ,भावना द्वितीय, बालक वर्ग की चक्का फेंक में अरविंद प्रथम, गौरव द्वितीय स्थान पर रहे। विजेताओं ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनिल महेंद्रू, जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह ने कहा कि खेलों से जहां प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है वही अनुशासन की भी सीख मिलती है।



















































अमृत विचार
बरेली, गुरुवार, 25 सितंबर 2025
पीलीभीत

## न्यूज ब्रीफ

### मीना के जन्मदिन पर लगाई प्रदर्शनी

**जहानाबाद, अमृत विचार** : पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय गौनेरीबदी में बुधवार को मीना का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने मीना मेला के लिए प्रदर्शनी लगाई और केक काटकर जन्मदिन मनाया। पावर एंजेल्स व सुगमकर्ता को गिफ्ट दिए गए। इसके बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। बच्चों को लघु फिल्म निडर दिखाई गई।

### बच्चों ने लगाए स्टॉल खेलकूद भी हुए

**मझोला, अमृत विचार** : पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय गिधौर में मीना मंच की सुगमकर्ता सहायक अध्यापिका रितु बरनवाल के नेतृत्व में बच्चों के साथ केक काटकर मीना मंच मेले की शुरुआत कराई गई। मीना मंच मेले में कई प्रकार के कार्यक्रम बच्चों द्वारा किए गए। स्टाल लगाए गए, जिसमें विज्ञान के खेल, गणित ट्रिक, जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ परिवेश आदि रहे। खेल कूद प्रतियोगिता हुई। इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाध्यापिका बबीता रानी, मालती देवी, वेदपाल, सुनीता जोशी, हर्षिता सिंह, संजय कुमार, लीलावती आदि मौजूद रहे। कई बच्चे पुरस्कृत किए गए।

### ग्रामीण से की मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार** : ग्राम परासी रामकिशन निवासी देवदत्त की पत्नी गुड्डी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उसके पति गांव के पास खेत पर पड़ी झोपड़ी में बैठे थे। गांव का ही प्रदीप उर्फ गुड्डू, झन्कारी, जितेंद्र और मदनलाल ने रंजिशन हमला कर दिया। बांके से वार करके घायल कर दिया। उनके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### युवक पर धारदार चीज से किया हमला

**बीसलपुर, अमृत विचार** : कोतवाली में दी गई तहरीर में गांव बरखड़ी निवासी ओमपाल ने बताया कि उसका बेटा सुनील कुमार वर्मा बहन के घर गया था। ग्राम बरसिया और खांडे पुर के बीच पुलिया के पास पहुंचते ही उस पर धारदार चीज से हमला कर दिया गया। पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में वह 10 दिन तक आईसीयू में रहा। अभी भी चोट के चलते मानसिक रुप से अस्वस्थ है। पुलिस ने ग्राम बरसिया निवासी विकास वर्मा पुत्र हरपाल वर्मा और एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### घरेलू विवाद में भाई से की मारपीट

**बिलसंडा** : घरेलू विवाद में एक युवक ने भाई से मारपीट की। थाना क्षेत्र के गांव विलासपुर में मंगलवार देर शाम भाईयों में मारपीट हो गई। गांव के दिनेश तिवारी ने अपने भाई महेश तिवारी की पिटाई कर दी। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भर्ती कराया। एसओ विपिन शुक्ला ने बताया कि घरेलू विवाद में मारपीट का मामला संज्ञान में आया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध हालात में महिला और ग्रामीण की मौत

## गांव के बाहर पेड़ से फंदे पर लटका मिला ग्रामीण का शव

संवाददाता, बरखेड़ा/बीसलपुर



ग्रामीण का शव फंदे से लटका मिलने के बाद लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अलग-अलग स्थान पर बुजुर्ग और विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुजुर्ग का शव गांव के बाहर सड़क किनारे पेड़ पर फंदे से लटका मिला जबकि विवाहिता की ससुराल में मौत हुई। सूचना मिलने पर संबंधित थानों की पुलिस पहुंची और जानकारी की। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पहली घटना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर की है। यहां के रहने वाले तेजराम (55) खेती करते थे। उनका शव बुधवार सुबह बरखेड़ा दौलतपुर रोड पर सड़क किनारे पेड़ पर फंदे से लटका मिला। सुबह घर से कामकाज पर जाने के लिए निकले ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी तो कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। परिवार वाले भी पहुंच गए और फंदे से उतारकर शव घर ले गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और घटना की जानकारी की। परिजनों ने बताया सुबह 3 बजे तक तेजराम ठीक थे। गांव के कुछ लोगों ने सुबह टहलते हुए भी देखा था। बरखेड़ा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज जांच शुरू कर दी है। अग्रिम कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

- महिला की मौत पर मायके वालों ने जताया हत्या का संदेह, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

दूसरी घटना दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र की है। गांव किशनपुर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गांव के ही रहने वाले राहुल कुमार की पत्नी मीनाक्षी देवी (26) की ससुराल में मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। मायके वाले भी आ गए और मौत पर संदेह जताया। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। मृतका के तीन बच्चे हैं। दियोरियाकलां कोतवाल दिगंबर सिंह ने बताया किशनपुर में एक महिला की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस गई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। किसी तरह की कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी, उसी आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## लिटिल एंजेल्स में मनाया गया श्रमजीवी दिवस, कई पुरस्कृत

**पीलीभीत, अमृत विचार:** लिटिल एंजेल्स स्कूल में बुधवार को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए श्रमजीवी दिवस मनाया गया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं गई। संचालन वर्षा सक्सेना ने किया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का उद्देश्य बताया गया। प्रबंधक डॉ.संजीव अग्रवाल ने कहा कि किसी भी विद्यालय की नींव चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी होते हैं, हमारे विद्यालय में भी सभी कर्मचारी लगन एवं ईमानदारी के साथ काम करते हैं। उनकी इस मेहनत को देखते हुए साल में एक दिन उनके नाम से मनाते हैं।

विद्यालय की आयाओं की ओर से भजनों का गायन किया गया। आयाओं, रिक्शा चालकों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें म्यूजिकल चेयर एवं कप रेस का सभी ने आनंद लिया।

विजेताओं एवं उपविजेताओ को प्रबंधक, प्रधानाचार्य एनसी पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, उपप्रधानाचार्य अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा आदि ने सम्मानित किया। अंत में भोजन कराया गया।

# मां अंबे की आरती उतार की पूजा

- नवरात्रि के तीसरे दिन पूजी गई मां चंद्रघंटा, मंदिरों में उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मोहल्ला खकरा में माता की आरती करती श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नवरात्रि के तीसरे दिन बुधवार को घरों से लेकर मंदिरों तक भक्तिमय वातावरण बना रहा। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की कतार लगी रही। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक पूजन सामग्री की दुकानों में भीड़ रही। नवरात्रि पर बाजार में भी रौनक बढ़ गई है।

तीसरे दिन मां चंद्रघंटा का पूजन किया गया। मां यशवंतरी देवी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भीड़ रही। गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, निरंजनकुंज कॉलोनी स्थित देवी मंदिर आदि में शाम के वक्त महिलाओं ने पूजा अर्चना की और माता के छंद गाए। मोहल्ल्ला खकरा में भी नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बुधवार को श्रीहरिश्याम संकीर्तन मंडल बंगाली समाज की ओर से मां काली की पूजा अर्चना और भव्य आरती की गई। बंगाली समाज की इस आरती को देख भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और भजन गाए। इस मौके पर विशाल सक्सेना, अमित सक्सेना, पंकज सक्सेना, मुकेश सक्सेना आशीष सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## बरखेड़ा में हुआ दुर्गा जागरण, विधायक ने किया पूजन



**बरखेड़ा, अमृत विचार** : हिंदू जागरण संघर्ष समिति के तत्वाधान में मंगलवार रात चतुर्थ विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन किया गया। इसके लिए मां यशवंतरी देवी मंदिर से मां की ज्योति लाई गई। पंडित गंगा प्रकाश ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर जागरण की शुरुआत कराई। मुख्य अतिथि बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद रहे। कानपुर से आए गायक सुशील सांवरिया ने गणेश वंदना से शुरुआत कराई। शाहजहांपुर के कपिल बावरा ने सरस्वती वंदना के साथ भजन गाए। नेपाल से आए गायक शालू थापा ने भजनों की प्रस्तुति दी। इसके अलावा झारखंड से गौतम राठौर, कानपुर की नंदिनी गुप्ता, बरेली से कुमार शानू, हरदोई से अमन सम्राट आदि ने भी भजन गाए। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण, भद्रपाल गंगवार, प्यारेलाल कश्यप, हिंदू जागरण संघर्ष समिति के सदस्य अमित गंगवार, लक्ष्मीकांत भोजवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल, नागेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, प्रेमपाल भारती समेत अन्य रहे।

# माखन चोरी प्रसंग सुन मंत्रमुग्ध हो गए भक्त

संवाददाता, बिलसंडा

- दियोरियाखुद में चल रही श्रीमद भागवत कथा

**अमृत विचार:** दियोरियाखुर्द में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में छठे दिन कथा वाचिका रीता शास्त्री ने माखन चोरी लीला का प्रसंग सुनाया। भक्तों को बताया कि द्वापरयुग में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होता है।

नंदबाबा के यहां उनका पालन पोषण होता है। बृजवासी श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को देख मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। माखन चोरी के प्रसंग को भावपूर्ण तरीके से सुनाते हुए कहा कि भगवान कृष्ण जब बड़े होकर किशोरावस्था की ओर बढ़ते हैं। तब उनकी एक मित्र मंडली बन जाती है। मित्र मंडली के साथ वह तरह तरह की योजनाएं बनाते हैं। जिसमें माखन चोरी प्रमुख है। सभी गोपिकाओं के घर में घुसकर माखन चोरी करते हैं। एक साथ मिल बांटकर खाते हैं। गोपिकाएं उन्हें माखन चोरी करते हुए पकड़ लेती हैं और माता यशोदा के पास ले जाने की बात कहकर लीलाएं करवाती हैं। इसे सुनकर भक्त झूम उठे। इस मौके पर रामवीर मौर्य, राजीव मौर्य, शीशपाल मौर्य, राम सिंह राना, दिनेश श्रीवास्तव, राजेश मौर्य, कामता प्रसाद राना, राजीव मौर्य आदि मौजूद रहे।

### दशरथ मृत्यु प्रसंग का किया मंचन

**बिलसंडा, अमृत विचार** : गांव कनपरी में आयोजित रामलीला में दशरथ मरण के प्रसंग का मंचन किया गया। दिखाया गया कि राजा दशरथ की आज्ञा पर राम वनवास जाने के निकल पड़ते हैं। सरयू नदी को पार करने के लिए केवट को बुलाया जाता है। केवट प्रभु राम धुलवाकर नाव में बैठाते हैं और नदी को पार कराते हैं। नदी पार करने के बाद राम की मुलाकात निषादराज से होती है। निषादराज प्रभु राम से उनके राज्य में रुकने का आग्रह करते हैं, लेकिन प्रभु राम अपने पिता के वचन का पालन करने के लिए 14 वर्ष का जीवन वन में व्यतीत करने की बात कहते हैं। प्रभु राम सीता और लक्ष्मण के साथ वन की ओर चले जाते हैं। उधर राजा दशरथ राम के वियोग में अपने प्राण त्याग देते हैं।

## शासन के निर्देश पर चला टीकाकरण अभियान

**बीसलपुर, अमृत विचार:** गर्भवती महिलाओं व शिशुओं को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए बुधवार को टीकाकरण अभियान चला। नगर क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुबह आठ बजे से एएनएम द्वारा टीकाकरण किया गया। आरडीएसएस इंटर कॉलेज में 15 शिशुओं का टीकाकरण एएनएम सरोज ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार दुबे, आंगनवाड़ी गोल्डी जायसवाल, सुमन लता मौजूद रही। ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर टीकाकरण किया गया। प्रभावी सीडीपीओ मीना कुमारी ने एक दर्जन केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

# परिषदीय स्कूलों में मनाया मीना का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



जन्मदिवस कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के कल्याणपुर नौगवां में मीना का जन्मदिन खुशी और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्राएं सुबह से तैयारियों में लगी थी। मीना को क्या गिफ्ट दिया जाए इसकी भी योजनाएं बालिकाओं ने बनाई। जन्मदिन सेलिब्रेट करने के लिए केक बनाया गया।

बता दें कि मीना का जन्मदिन जिलेभर के परिषदीय विद्यालयों मनाया गया। मीना मंच की गतिविधियां स्कूलों में बालिकाओं को सशक्त, स्वावलंबी और कौशल विकास नेतृत्व क्षमता जागृत करने के लिए मनाई जाती है। सामाजिक मुद्दों पर बालिकाओं को जानकारी भी दी जाती है। इस दौरान स्कूल में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा राकेश पटेल, जिला समन्वयक सामुदायिक शिक्षा सचिन कुमार जितेंद्र कुमार जिला समन्वयक प्रशिक्षण भी शामिल हुए। मीना के रूप में कक्षा आठ की खुशी, कक्षा सात की पूनम कक्षा छह की कोमल रही। छात्रा खुशी के रूप में मीना ने अपने हाथ से केक काटा तो छात्राओं ने हैप्पी बर्थडे मीना कहकर उत्साह बढ़ाया। राकेश पटेल ने मीना को केक खिलाया। बालिकाओं, शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि मीना मंच कार्यक्रम के पीछे शासन की मंशा है कि बालिकाओं में आत्मविश्वास पैदा हो। अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो। बेटियां पढ़े और आगे बढ़े। बच्चों को मीना के कार्य और उद्देश्य भी बताए गए। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सीता मिश्रा, अल्पना सक्सेना, आशा रानी, विनीता गंगवार, मनप्रीत चावला सहित विद्यालय प्रबंध समिति की सदस्य महिलाएं, रसोईया भी मौजूद रही। पूरनपुर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल खासपुर मे भी मीना मंच के तहत कई कार्यक्रम हुए मीना बनी छात्रा ने केक काटा। मीना मंच की नोडल सहायक अध्यापक पूनम रावत ने बालिकाओं को समाज में आगे बढ़ाने की बात कही और उनके स्वावलंबन सुरक्षा कौशल विकास पर प्रकाश डाला। इस मौके पर ग्राम प्रधान सुंदरलाल, प्रधान अध्यापक श्रीकृष्ण आदि मौजूद रहे।

## विकास बनाए गए व्यापार संगठन के नगराध्यक्ष



मनोनीत नगराध्यक्ष के साथ पदाधिकारी और सदस्य। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की ओर से गोदावरी स्टेट कार्यालय में बुधवार को जिलाध्यक्ष मोहित अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से आवास विकास कॉलोनी निवासी विकास गुप्ता को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

कई व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। व्यापारी हित की रक्षा के लिए कार्य करने पर जोर दिया गया। कहा कि अगर कोई बेवजह व्यापारी को परेशान करेगा तो खुलकर विरोध किया जाएगा। इस मौके पर अनूप सक्सेना, राजीव त्रिपाठी, मनोज जगवानी, पप्पू मलिक, सुमित मौर्य, विजय राठौर, शिव कुमार, सुनील गंगवार, सलीम, कुलदीप कुमार, गगनदीप सिंह, रोहित सिंघल आदि मौजूद रहे।

## दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला

**बहेड़ी, अमृत विचार:** दहेज की मांग पूरी न करने पर युवक ने पत्नी को तलाक दे दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। बहेड़ी की एक युवती ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकालने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

अनम पुत्री रईस अहमद का कहना है कि उसकी शादी एक साल पहले पीलीभीत के अमरिया में तुरकुनिया गांव निवासी दानिश से हुई थी। शादी के बाद से ही पति दानिश, सास अनीसा, ससुर अब्दुल वहीद, ननद यासमीन, परवीन, उसरा व देवर नासिर नकदी और बाइक की मांग करने लगे थे। इसे पूरा नहीं किया तो एक सितंबर को दानिश ने तीन तलाक कहकर घर से जबरन निकाल दिया। अनम ने पति सहित सभी ससुरालवालों के खिलाफ अमरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# जिला पंचायत में नहीं हो रहा ई-ऑफिस का संचालन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अफसर सख्त, दोनों विभागों को जल्द व्यवस्था लागू करने के निर्देश

**अमृत विचार:** शासन के निर्देशानुसार सरकारी कार्यालयों में डिजिटल काम को बढ़ावा देने के लिए ई-ऑफिस व्यवस्था लागू कर दी गई है। मगर जिले के सामाजिक वानिकी प्रभाग और जिला पंचायत कार्यालय में अभी भी पुराने ढर्रे पर ही कार्य किया जा रहा है। इधर मामला संज्ञान में आने पर अफसरों ने दोनों विभागों के विभागाध्यक्षों को ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य कराने के निर्देश दिए हैं।

ई-ऑफिस प्रदेश सरकार के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कार्यक्रम के तहत मिशन मोड प्रोजेक्ट है। इसका उद्देश्य प्रदेश सरकार के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों और कार्यालयों में होने वाले समस्त कार्यों को प्रभावी और पारदर्शी बनाना है। ई-ऑफिस प्रणाली से कार्यालय के सभी पत्र, फाइल संबंधित कार्य ऑनलाइन हो जाएंगे। इससे दस्तावेज को सुरक्षित रखने से लेकर फाइल और कोई भी पत्र खोजने में भी आसानी होगी। इससे समय की भी बचत होगी।

मगर जनपद में महज कुछ विभागों में ही ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई है। पिछले दिनों सीडीओ राजेंद्र सिंह श्रीवास के संज्ञान में आया कि कुछ विभाग अभी भी ई-ऑफिस व्यवस्था के तहत कार्य नहीं कर रहे हैं। जिस पर उन्होंने ऐसे सभी विभागों की सूची तलब की थी। इधर पाया गया कि जनपद मुख्यालय पर सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं जिला पंचायत कार्यालय में अभी भी ई-ऑफिस व्यवस्था लागू नहीं की गई है।

### चौकी प्रभारी बनीं आठवीं की छात्रा गुंजन सिंह

**बिलसंडा, अमृत विचार** : कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा गुंजन सिंह एक दिन के लिए ईंटगांव चौकी की प्रभारी बनी। कार्यालय में विभागीय कार्यों के बारे में जानकारी की। चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। फरियादियों की समस्याएं सुनी।शिकायत रजिस्टर में दर्ज शिकायतों को गहनता से देखा। पुलिस कर्मियों ने चौकी स्तर पर किए जाने विभागीय कार्यों की जानकारी छात्रा को दी। छात्रा गुंजन सिंह ने बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था पर जोर देते हुए विभाग में भर्ती होने की इच्छा भी जताई।

# सिर्फ पांच दिन विहिरप जिलाध्यक्ष रहे यशवंत सिंह, रिपोर्ट होते ही हटाए गए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले: सिर्फ जिलाध्यक्ष बनाया, यशवंत ने भी कार्यकारिणी गठन से किया मना
- प्रधान पुत्र ने यशवंत सिंह, गोपाल शर्मा, शैली गुप्ता, गौरव राना और अज्ञात पर कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** प्रधान पुत्र की ओर से न्यूरिया थाने में रंगदारी समेत अन्य धाराओं में दर्ज कराए गए मुकदमे को निरस्त कराने की मांग को लेकर टनकपुर हाईवे पर जाम लगाने के बाद गिरफ्तार कर विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह को जेल भेज दिया था। उन पर एक-एक कर कुल पांच मुकदमे दर्ज किए गए। संगठन विरोधी गतिविधि पर संगठन से निष्कासित कर दिया गया है। ये कार्रवाई जेल जाने के बाद की मानी जा रही थी लेकिन संगठन के पदाधिकारियों की ओर से जारी किए गए पत्र पर गौर करें तो पहली एफआईआर के बाद ही पद से हटाने की बात दशाई गई है। वहीं, अन्य पदाधिकारियों को लेकर भी संशय की स्थिति बनी हुई है। जेल जाते वक्त यशवंत सिंह ने अपने स्तर से कार्यकारिणी का गठन न किए जाने की बात कही थी और राष्ट्रीय नेतृत्व भी सिर्फ जिलाध्यक्ष पद पर मनोनयन पिछले दिनों करने की बात कह रहा है। ऐसे में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

बता दें कि विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष पद पर यशवंत सिंह का मनोनयन 9 सितंबर को किया गया था। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय की ओर से उनको मनोनयन पत्र सौंपा गया। इसके बाद 11 सितंबर को पीलीभीत आगमन पर रोड शो निकाल गया और कई जगह स्वागत किया गया। इस दौरान शहर में कई जगह मनोनयन पर बधाई से जुड़े फ्लैक्स आदि लगाए जा चुके थे। जिसमें गोपाल शर्मा वरिष्ठ महामंत्री, आशीष लोधी जिला प्रभारी, गौरव राना कार्यवाहक जिलाध्यक्ष,शुभम सक्सेना जिला संगठन मंत्री, सूरज वर्मा के आगे जिला महामंत्री पद का जिक्र है। 13 सितंबर को न्यूरिया थाने में पंडरी गांव निवासी प्रधान पुत्र कमल कुमार की ओर से यशवंत सिंह, गोपाल शर्मा, शैली उर्फ जौली गुप्ता, गौरव राना और अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई। जिसमें गोशाला पहुंचकर कर्मचारियों से मारपीट, रंगदारी मांगने आदि के आरोप लगाए गए थे।

इसी मुकदमे को निरस्त कराने की मांग करते हुए 20 को टनकपुर हाईवे पर जाम लगाया गया था। इसके बाद ही जिलाध्यक्ष यशवंत की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया था। कुल पांच मुदकमे दर्ज हो गए थे। अब पदमुक्त किए जाने के बाद कई सवाल उठ गए हैं। राष्ट्रीय सचिव रचना गौतम की ओर से डीएम -एसपी को भेजे गए यशवंत सिंह के निष्कासन की सूचना बीस सितंबर को भेजी गई है। जिसमें 14 सितंबर को ही संगठन से निष्कासित करने की बात कही गई है। इसके अनुसार बीस सितंबर को जाम लगाया गया तब संगठन से हटाए जा चुके थे। पकड़े जाने के बाद यशवंत सिंह का कहना था कि उनके द्वारा अभी कार्यकारिणी गठित नहीं की गई थी। अध्यक्ष बनते ही विवादों में फंस गए। फ्लैक्स लगाए जाने की भी उन्हें पहले से जानकारी नहीं थी।

उधर, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय का कहना है कि उनके स्तर से सिर्फ जिलाध्यक्ष का मनोनयन किया गया था। इसके बाद जिलास्तरीय टीम का गठन यशवंत सिंह के स्तर से ही किया जाना था। ऐसे में अन्य पदों पर मनोनयन को लेकर संशय की स्थिति बनी है। वहीं फ्लैक्स में दिख रहे एक कथित पदाधिकारी ने भी इसका पूर्व में ही खंडन कर दिया। फिलहाल संगठन के जारी पत्र के अनुसार, मनोनयन और निष्कासन में महज पांच दिन का समय लगा। वहीं, टीम पर अलग-अलग मामलों में न्यूरिया और सदर कोतवाली में पांच मुकदमे भी दर्ज किए जा चुके हैं।

### यशवंत सिंह और जौली गुप्ता ने ली सेशन कोर्ट की शरण

रंगदारी समेत अन्य आरोपों में न्यूरिया और कोतवाली में दर्ज दो मुकदमों में जमानत के लिए अब यशवंत सिंह की ओर से सेशन कोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसमें जमानत की गुहार लगाई है। वहीं, न्यूरिया थाने में दर्ज मुकदमे के दूसरे आरोपी जौली गुप्ता ने भी बुधवार को सेशन कोर्ट में अपनी अग्रिम जमानत याचिका दायर की। यशवंत सिंह द्वारा दायर जमानत याचिकाओं में प्रभारी जिला जज ने कोतवाली में दर्ज रंगदारी के मुकदमे की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 29 सितंबर और थाना न्यूरिया में दर्ज रंगदारी के मुकदमे की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए तीन अक्टूबर की तिथि नियत की। जौली गुप्ता की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए तीन अक्टूबर की तिथि नियत की गई है। बता दें कि आरोपी यशवंत सिंह के उक्त दोनों मुकदमों के जमानत आवेदन को अवर न्यायालय ने ख़ारिज कर दिया था।


Lifelines MEDICAL OF BAREILLY — अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
TPA सुविधा उपलब्ध
8077344353
समय :- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

### तृतीय चंद्रघंटा



मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघण्टा पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।

**बीज मंत्र...ऐं श्रीं शक्तयै नम:।**

## न्यूज ब्रीफ

### अब अमरिया में विवादित पोस्ट, युवक गिरफ्तार

**अमरिया, अमृत विचार :** जहानाबाद के बाद अब अमरिया क्षेत्र में एक युवक ने दूसरे समुदाय पर आपत्तिजनक पोस्ट किया, जो वायरल हो रही है। कस्बा निवासी एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन निवासी कैलाश ने सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट डाल दी। पोस्ट वायरल होने पर दूसरे समुदाय के लोगों में आक्रोश है। तमाम लोग एकत्र होकर थाना अमरिया पहुंच गए। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

### देर रात तक चला मुशायरा, पेश किए कलाम

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला मोहम्मद वासिल में मंगलवार रात जश्न ए किबला ए आलम मनाया गया। जिसमें तरही मुशायरे का आयोजन किया गया। इसकी सदारत हजरत मौलाना मुफ्ती मोहम्मद हसन मियां कदीरी और निजामत शायर शराफत हुसैन शाद ने की। मोईन आलम नवाबगंज, मोहम्मद हाशिम नाज, उस्मान खां रजी, हाफिज ओवैस, अशरफ जमा, अजीम फैजी, मोहम्मद नाजिम नजमी, जुबेर साकिब, असलम वारसी, बुंदन खां, अब्दुल सईद खां, जियाउद्दीन जिया एडवोकेट आदि ने बेहतरीन कलाम पेश किए। मुशायरा देर रात तक चला।

# पीटीआर के हाथियों का नया ठिकाना होगा मुस्तफाबाद

## हाथियों के रहने के लिए मुस्तफाबाद रेंज में बनेगा स्थायी कैंप, मुस्तफाबाद में एलीफेंट कैंप बनने से सभी रेंज आसानी से हो सकेंगी कवर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व हथिनी निसर्गा समेत चारों हाथियों का नया ठिकाना मुस्तफाबाद होगा। मुस्तफाबाद रेंज में चारों हाथियों के नया स्थाई कैंप बनाया जाएगा। यहां हाथियों के सुरक्षित रहने के लिए शेड समेत अन्य कार्य कराए जाएंगें। बता दें कि चारों हाथी अभी तक टाइगर रिजर्व की माला रेंज स्थित कैंप में रखे गए थे। टाइगर रिजर्व प्रशासन ने यह निर्णय पांचों रेंज कवर करने के उद्देश्य से लिया है, ताकि हाथियों की जरुरत पड़ने पर उन्हें तत्काल कम समय में संबंधित रेंज में भेजा जा सके।



पीटीआर की माला रेंज स्थित कैंप में मौजूद हाथी। ● अमृत विचार

जनपद के जंगलों को टाइगर रिजर्व का दर्जा मिलने के बाद यहां बाघ समेत अन्य वन्यजीवों में खासी बढ़ोतरी देखी जा रही है। जंगल में आबादी बढ़ने के साथ ही बाघ समेत अन्य वन्यजीवों ने जंगल से बाहर निकलकर आबादी क्षेत्रों की ओर दस्तक देनी शुरू कर दी। जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में इजाफा होने लगा। जंगल से बाहर घूम रहे बाघ-तेंदुआ को पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए गए।

रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान आक्रामक बाघों से निपटने के लिए हाथियों की कमी खासी महसूस की जा रही थी। अक्सर रेस्क्यू ऑपरेशनों के दौरान दुधवा टाइगर रिजर्व से हाथियों को लाया जाता रहा है। ऐसे में देश के अन्य राज्यों से पीलीभीत टाइगर रिजर्व में हाथियों को लाने की कवायद शुरू हुई, जोकि लंबे अंतराल तक चली।

आखिकार नवंबर 2022 में लाखों रुपये खर्च कर कनार्टक से चार हाथियों को पीलीभीत टाइगर रिजर्व लाया गया था। इन हाथियों में एक मादा जबकि तीन नर हाथी हैं। माला रेंज में कैंप बनाकर हाथिनी निसर्गा समेत सूर्या, मणिकांत और भीम को रखा गया है। शुरूआती दौर में भाषाई दिक्कत के चलते कर्नाटक से महावतों को भी बुलाया गया था। वक्त बीतने के साथ हाथियों ने स्थानीय भाषा भी सीख ली और अब चारों हाथी टाइगर रिजर्व के महावतों की देखरेख में कैंप में रह रहे हैं।

### प्रोजेक्ट टाइगर के फंड से होगा कैंप का निर्माण

टाइगर रिजर्व प्रशासन के मुताबिक सभी चारों हाथियों को अभी तक माला रेंज में बने कैंप रखा गया है। कुछ रेंजों की दूरी माला रेंज से काफी अधिक है। ऐसे में यदि किसी आपात स्थिति के दौरान अन्य रेंजों में इन हाथियों की जरूरत पड़ती है तो उन्हें ले जाने में खासा समय लगेगा। ऐसे में टाइगर रिजर्व प्रशासन ने अब इन चारों हाथियों को मुस्तफाबाद रेंज में रखने के निर्णय लिया है। इसके लिए मुस्तफाबाद रेंज में नया एलीफेंट कैंप बनाया जाएगा। प्रोजेक्ट टाइगर के फंड से बनने वाले इस स्थाई कैंप में शेड के अलावा कई अन्य कार्य कराए जाएंगें।

> उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पीटीआर के हाथियों के लिए अब मुस्तफाबाद रेंज में नया अस्थाई कैंप बनाया जाएगा। मुस्तफाबाद में हाथियों का कैंप होने से अन्य रेंजों को भी आसानी से कम समय में कवर किया जा सकेगा।
>
> – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

## एडीओ पंचायत ने बरती लापरवाही वेतन रोका

**पीलीभीत, अमृत विचार:** विभागीय कार्यों में लगातार लापरवाही बरतने का खामियाजा पूरनपुर ब्लॉक के एडीओ पंचायत को भुगतना पड़ा। डीपीआरओ ने संबंधित एडीओ पंचायत का एक दिन का वेतन रोकने की संस्तुति की है। साथ ही एडीओ पंचायत को निर्धारित समयावधि के अंदर कार्य पूरा न करने पर विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

जनपद की ग्राम पंचायतों में आडिट कार्य किया गया है। इस कार्य में सभी सात ब्लॉकों के एडीओ पंचायत को भी जिम्मेदारी सौंपी गई। बुधवार को जिला पंचायत राज कार्य पर इसकी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि पूरनपुर ब्लॉक में एडीओ पंचायत के द्वारा आडिट के बाद प्रस्तुत किए जाने वाले अभिलेख अधूरे प्रस्तुत किए गए हैं। मामला संज्ञान में आने पर जब संबंधित एडीओ पंचायत से जानकारी की गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए डीपीआरओ रोहित भारती ने पूरनपुर ब्लॉक के एडीओ पंचायत अजय देवल का एक दिन के वेतन रोके जाने की संस्तुति की है। साथ ही शेष अधूरे अभिलेखों को निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत कराए जाने के निर्देश भी जारी किए है। डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि लापरवाही पाए जाने पर पूरनपुर ब्लॉक के एडीओ पंचायत का एक दिन का वेतन रोका गया है। समय से कार्य पूरा न किए जाने पर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## लापरवाही पर गिरी गाज, शहर कोतवाल लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **सत्येंद्र सिंह को मिली कमान नरेश त्यागी सुनगढ़ी कोतवाल**

**अमृत विचार:** विश्व हिंदू रक्षा परिषद कार्यकर्ताओं के नेहरू पार्क में धरना देने और फिर टनकपुर हाईवे पर जाम लगाकर अवागमन बाधित करने के दौरान उजागर हुई पुलिस की लापरवाही के बाद से ही कोतवाल राजीव कुमार सिंह पर कार्रवाई तय मानी जा रही थी।

अफसरों ने भी पुलिस प्रशासन द्वारा बंदोबस्त न होने पर नाराजगी जताई थी। जिसके बाद आखिरकार गाज गिर ही गई। कोतवाल राजीव कुमार सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनके स्थान पर सत्येंद्र कुमार नए शहर कोतवाल बनाए गए है। अभी तक ये पूरनपुर कोतवाली में तैनात थे।

बता दें कि न्यूरिया थाने में दर्ज एफआईआर को निरस्त कराने की मांग को लेकर विश्व हिंदू रक्षा परिषद के तत्कालीन जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह समेत अन्य ने बीस सितंबर को नेहरू पार्क में धरने की अनुमति मांगी थी और भीड़ जुटाई। फिर टनकपुर हाईवे पर जाम लगाया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर और सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने लापरवाही पकड़ी थी। पहले से सूचना के बाद भी स्थानीय पुलिस मौके पर मुस्तैद नहीं थी। इस पर उच्चाधिकारियों ने नाराजगी जताई थी। इसके बाद से ही कोतवाल पर कार्रवाई तय मानी जा रही थी। बुधवार रात एसपी अभिषेक यादव ने ट्रांसफर लिस्ट जारी की तो कोतवाल राजीव कुमार लाइन हाजिर कर दिए गए। अब इसे इसी लापरवाही से जोड़कर देखा जा रहा है। इसके अलावा सुनगढ़ी के इस इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडे पूरनपुर के कोतवाल बनाए गए है। यह भले ही जनपद के बेहतर थाने में भेजे गए हो लेकिन इनके तबादले ने भी चर्चाएं बढ़ा दी है। पहले भाजपा नगर अध्यक्ष और फिर चेयरमैन पति पर मुकदमा लिखा गया। जिसको लेकर भीड़ ने थाना घेरा और फिर उनको भी हटाने की चर्चाएं जोर पकड़ गई थी। अब इसे भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। सुनगढ़ी का कोतवाल नरेश त्यागी को बनाया गया है। वह बीसलपुर के बाद सदर कोतवाल थे, फिर पूरनपुर गए। बीते साल तीन खालिस्तानी आतंकियों के एनकाउंटर में मुख्य भूमिका थी और फर्जी आईलेट्स सेंटर पर कारवाई भी की। जिसके बाद उन्हें हटा दिया गया था। अब उनकी तैनाती सुनगढ़ी थाने की गई है।

# रेत खनन के ट्रैक्टर से कुचलकर वृद्ध की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **हजारा क्षेत्र के गांव अशोक नगर का मामला**

● **बाढ़ के बाद खेत में जमा रेत का किया जा रहा था उठान**

**अमृत विचार:** शारदा नदी से सटे अशोक नगर गांव में खनन के धंधेबाजों ने एक जान ले ली। बाढ़ के बाद खेतों में जमा रेत को उठाने के लिए कुछ धंधेबाज पहुंचे।

जब प्रधान पति ग्रामीणों के साथ विरोध के लिए गए तो भगदड़ मच गई। आरोप है कि खनन में इस्तेमाल ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। ये भी पता किया जा रहा है कि जानबूझकर ट्रैक्टर से कुचला गया या नहीं। स्थानीय लोगों ने खनन के धंधेबाजों पर कार्रवाई की मांग की है।

घटना हजारा थाना क्षेत्र के गांव अशोक नगर की है। दरअलस पिछले दिनों शारदा नदी में आई बाढ़ के बाद नदी किनारे खेतों में रेत जमा हो गई थी। इसे क्षेत्र के खनन के धंधेबाज ट्रैक्टर ट्राली में भरकर बिक्री के लिए ले जा रहे हैं। बुधवार देर शाम भी ट्रैक्टर ट्राली लेकर कुछ लोग रेत उठाने लगे। उसकी जानकारी मिलने पर बताते है कि प्रधान पति सूर्यभान उर्फ भानु ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और विरोध किया। इस दौरान खनन कर रहे लोग ट्रैक्टर ट्राली लेकर भागने लगे। उसी बीच गांव के ही 60 वर्षीय इंद्रजीत सिंह पुत्र गुरदीप सिंह ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। इसके बाद लोग जमा हो गए। एक ट्रैक्टर ट्राली भी मौके पर पकड़ी गई। लोगों का आरोप है कि कथित खनन माफियाओं ने कुचलकर मार दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की जा रही है। एसडीएम अजीत प्रताप सिंह का कहना है कि एक खनन से जुड़ी सूचना मिलने पर टीम भेजी गई थी। जानकारी कराई जा रही है। सीओ प्रतीक दहिया ने बताया कि एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली है, जांच कराई जा रही है।

## दुष्कर्म के बाद किया निकाह फिर पीटकर निकाला, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **न्यायालय ने कोतवाली पुलिस को दिए कार्रवाई के निर्देश**

**अमृत विचार:** नाबालिग से दुष्कर्म के बाद निकाह किया गया और फिर कुछ समय बाद ही दहेज की मांग पूरी न होने पर पीटकर घर से निकाल दिया। न्यायालय ने कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं।

न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट में कोतवाली क्षेत्र की एक विवाहिता ने प्रार्थना पत्र दिया। उसने बताया वह क्षेत्र की रहने वाली एक महिला के घर झाड़ू पोछा व खाना बनाने का काम करती थी। मां की तबीयत खराब रहने लगी। गृहस्थी चलाने के लिए मां के अलावा कोई नहीं था। कोरोना काल में मां ने उससे उक्त महिला के घर काम करने के लिए कहा। उस वक्त पीड़िता की उम्र 15 साल थी। महिला के घर में उसके तीन भाई रहते थे। आरोप है कि एक भाई ने कई बार छेड़छाड़ की। जब इसकी शिकायत की गई तो महिला ने आश्वस्त कर दिया कि अब आरोपी कोई हरकत नहीं करेगा।

## कार पर चलाई गोली, शीशा टूटा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के अजंता स्वीट्स के मालिक सुखजिंदर सिंह ढिल्लो ने पुलिस को तहरीर देकर बताया 19 सितंबर की रात 11 बजे वह गाड़ी खड़ी करने के बाद घर चले गए थे। रात करीब साढ़े 12 बजे उन्हें गोली चलने की आवाज सुनाई दी। इस पर उन्होंने सीसीटीवी चेक किए। जिसमें कोई दिखाई नहीं दिया। उनके अनुसार 20 सितंबर को उन्हें बैंक गार्ड का फोन आया कि कार का पिछला शीशा टूटा हुआ है। इसके बाद पीड़ित ने दुकान के सीसीटीवी चेक किए। जिसमें बाइक पर सवार तीन युवक फायर करते हुए दिखाई दिए।

### वृद्ध की मौत

**जहानाबाद :** ग्राम रम्पुरा मिश्र निवासी दीनदयाल ने 21 सितंबर को थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया 12 बीघा जमीन की वसीयत उसके छोटे भाई रूपचंद उर्फ राकेश ने अपने पुत्रों के नाम पिता 70 वर्षीय नत्थूलाल से करवा ली थी। इसकी जानकारी होने पर दीनदयाल ने भाई के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। 22 सितंबर को नत्थूलाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।







## न्यूज ब्रीफ

### करंट लगने से युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** ताना मितौली के गांव खंजननगर के मजरा लोहियापुरवा में दुर्गा जागरण चल रहा था। आरती के दौरान पांडेल में लगे माइकों के तारों में अचानक करंट आ गया। करंट की चपेट में आकर संचालन कर रहे जितेंद्र (30) गिर गए। उन्हें आनन फानन में सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसा बुधवार की सुबह करीब सात बजे हुआ। मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया।

### सर्प दंश से महिला की हालत बिगड़ी

**निघासन, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव छेदुईपतिया निवासी शाहिद अली की पत्नी राजिया बुधवार की सुबह खेतों की तरफ शौच करने जा रही थी। गन्ने के खेत में घुसते ही किसी विषैले सर्प ने उसके पैर में डस लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोगों ने राजिया को सीएचसी में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

### बेहजम तिराहे पर जनसेवा केंद्र में चोरी

**बेहजम, अमृत विचार :** लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र में बेहजम तिराहे पर स्थित एक जनसेवा केंद्र का ताला चोरों ने तोड़ दिया। जनसेवा केंद्र के माविक गोविंद ने बताया कि चोर कंप्यूटर और प्रिंटर चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने घटना की तहरीर चौकी पुलिस को दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के सात चोरों का पता लगा रही है।

### नेपाल से भागे कैदियों की गिरफ्तारी पर चर्चा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** हाल ही में नेपाल में भड़की हिंसा में जेलों से भागे कैदियों की गिरफ्तारी को लेकर संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के बसही बॉर्डर पर एसएसबी के अधिकारियों और नेपाल एपीएफ के बीच बैठक हुई। दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमा पर होने वाली गतिविधियों को लेकर चर्चा भी की। दोनों पक्षों ने सीमा पर आने-जाने वालों के लिए पहचान पत्र की अनिवार्यता पर सहमित जताई। साथ ही नेपाल से भागे कैदियों के मामले पर विचार विमर्श किया। इस दौरान एसएसबी के सहायक उपनिरीक्षक गुरु सेवक सिंह एपीएफ के निरीक्षक टीकाराम रावल आदि रहे।

# ढोल-नगाड़ों, बैंडबाजों के साथ निकली शिव बरात, नाचे भूत-पिशाच

## हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजी छोटी काशी, पुष्प वर्षा कर शिव बरात का किया गया स्वागत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** भगवान भोलेनाथ की बारात मंगलवार देर शाम बैंड बाजे, ढोल नगाड़ों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर निकाली गई। शिव बारात का नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा करते हुए पूजा, अर्चना कर स्वागत किया। कलाकारों ने भूत, प्रेत का स्वरूप धारण कर ढोल मंजीरे की धुन पर नृत्य कर मन मोह लिया। शिव बारात में शामिल श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव के जयकारों से छोटी काशी गूंज उठी।

श्रीरामलीला में दूसरे दिन मंगलवार देर शाम मेला मैदान से शिव बारात धूमधाम से नगर के अलीगंज रोड, लखीमपुर रोड, मिल रोड, खुटार रोड, मोहम्मदी रोड और सिनेमा रोड पर निकाली गई। भोले बाबा की बारात में शामिल भगवान गणेश, ब्रह्मा, विष्णु, मां दुर्गा, बजरंगबली सहित कई अन्य देवी देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। वहीं कलाकारों ने भूत, प्रेत का स्वरूप धारण कर ढोल, मंजीरे की धुन पर रोमांचकारी करतबों का प्रदर्शन किया। शिव बारात को देखने के लिए सड़क के दोनों और बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बच्चे डटे रहे और शिव बारात पर पुष्प वर्षा करते हुए पूजा अर्चना कर स्वागत किया। शिव बारात मेला मैदान से निकलकर प्रमुख मार्गों पर होते हुए रात में विराम स्थल पर पहुंची।

शिव बारात में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, श्रीरामलीला समिति के संरक्षक जनार्दन गिरि, अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरि मोंटी, महामंत्री पूर्व सभासद पंकज गुप्ता, रामगुलाम पांडे, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, राकेश तिवारी बड़े, शोभित सिंह, सभासद आनंद सोनी, एमएमकृष्णा बाजपेई, जितेंद्र सिंह, दीपक मिश्रा, पंकज मिश्रा, विनोद स्वर्णकार, सुधीर कोहली, संजय गुप्ता डान, एडवोकेट अचल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


गोला की शिव बरात में शामिल नगर के बराती। ● अमृत विचार


गोला में निकली शिव बरात में करतब दिखाते कलाकार। ● अमृत विचार


शहर में प्रभु श्रीराम की निकाली जा रही सवारी। ● अमृत विचार


शिव बरात में सजी भोलेबाबा की झांकी।

## पुष्प वाटिका: सुनि सिय सत्य असीस हमारी, पूजहिं मनकामना तुम्हारी

● शहर की रामलीला में पुष्प वाटिका का मंचन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** लता ओट तब सखिन लखाए स्यामल गौर किसोर सुहाए ... तब सखियों ने लताओं की ओट से जब माता सीता को दोनों राजकुमारों को दिखाया तो श्याम वर्ण और गौर वर्ण के दो सुंदर किशोर उन्हें दिखाई पड़े। यह दृश्य है शहर की ऐतिहासिक रामलीला का। तीसरे दिन शहर की गुड मंडी में पुष्प वाटिका का मंचन किया गया। इस दौरान, पुष्प वाटिका में माता सीता का गौरी पूजन के लिए जाना और प्रभु श्री राम छोटे भाई लक्ष्मण के साथ गुरुदेव के लिए पुष्प चुने जाने का प्रसंग दिखाया गया है, जहां उन्होंने पहली बार माता सीता के और माता सीता ने उनके दर्शन किए। ' 'नख सिख देखि राम कै सोभा। सुमिरि पिता पनु मनु अति छोभा। जब राम-लक्ष्मण फूल तोड़ने जाते हैं, तब सीताजी भी अपने सखियों के साथ वाटिका में आती हैं, जहां उनकी पहली भेंट राम से होती है। प्रभु श्रीराम को देखने के बाद माता सीता माता गौरी से पूजन करते समय मांगती हैं कि उन्हें प्रभु श्री राम ही मिले और उन्हें माता गौरी की ओर से आशीर्वाद मिलता है सुनि सिय सत्य असीस हमारी, पूजहिं मनकामना तुम्हारी ... पुष्प वाटिका का यह दृश्य देखने के लिए गुड मंडी में काफी संख्या में जन मानस एकत्र रहा, लगभग ढाई घंटे तक चले इस मंचन में पुष्प वाटिका से संबंधित अनेक प्रसंग भी दिखाए गए। मंचन के दौरान सेठ परिवार के विभू सेठ, कपिलनाथ सेठ के अलावा रामलीला करने वाले सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट के सर्वराहकार विपुल सेठ समेत कई लोग मौजूद रहे। इसके बाद सभी स्वरूपों की सवारियां रामलीला मैदान की ओर रवाना हो गईं। विपुल सेठ ने बताया कि गुरुवार को रामलीला मैदान में, धनुष यज्ञ का मंचन किया जाएगा। जिसमें प्रभु श्री राम राजा जनक की सभा में शिव धनुष तोड़ेंगे।

# रोडवेज कर्मियों ने किया सांकेतिक धरना-प्रदर्शन


गोला डिपो में हुंकार भरते रोडवेज कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** रोडवेज डिपो के एआरएम से वार्ता के दौरान अन्य संगठन के हस्तक्षेप करने पर नाराज कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने सांकेतिक धरना-प्रदर्शन कर एआरएम पर पक्षपात का आरोप लगाया। एआरएम के समझने और वार्ता करने पर पदाधिकारी मान गए।

उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे और अभिषेक शुक्ला ने बताया कि पूर्व में कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक के समक्ष समझौता हुआ था। 90 दिन बाद भी कोई कार्यवाही न किए जाने से 23 सितंबर मंगलवार को इस संबंध में एआरएम महेशचंद्र कमल से वार्ता के दौरान अन्य संगठन के पदाधिकारियों द्वारा हस्तक्षेप कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई और एआरएम ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

मजबूरन उन्हें विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। सांकेतिक प्रदर्शन के कुछ देर के बाद एआरएम ने संगठन के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया तब जाकर मामला शांत हुआ। मुख्तार अहमद, राजेश शर्मा, शिव कुमार गुप्ता, रचित मिश्रा, इकबाल आदि मौजूद रहे।

# एंटी रोमियो दल सिर्फ कागजों में सक्रिय

● छात्रा से छेड़छाड़ की घटना ने एंटी रोमियो दल की खोली पोल

● शहर छोड़िए, देहातों में भी थानों से बाहर नहीं निकलती टीम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर की एक लाइब्रेरी में पढ़ने जा रही छात्रा के साथ दूसरे समुदाय के युवक अमन उर्फ़ शहबाज ने जिस बेखौफ अंदाज में छात्रा को दबोचने की कोशिश की, उसने महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस की गंभीरता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया। आरोपी पहले रास्ते में छात्रा का पीछा करता रहा और फिर कोचिंग सेंटर के भीतर तक घुस आया। वहां उसने छात्रा को दबोचने की कोशिश की। लाइब्रेरी मैनेजर के विरोध पर भी वह सीनाजोरी से खड़ा रहा। हालांकि पुलिस ने मोहल्ला नई बस्ती निवासी आरोपी अमन उर्फ शाहबाज को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

परिजन छात्रा को लेकर कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी, लेकिन पुलिस पूरे दिन खामोश रही। जब तक सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो और पोस्ट वायरल नहीं हुईं, पुलिस हरकत में नहीं आई। देर शाम प्रशिक्षु आईपीएस सीओ सिटी विवेक तिवारी ने मीडिया के सामने आकर रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपी की गिरफ्तारी का दावा किया। घटना ने शहरवासियों और हिंदू संगठनों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया। लोगों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद महिला सुरक्षा के लिए बनाई गई एंटी रोमियो टीमें पूरी तरह नाकाम साबित हो रही हैं। न स्कूलों के बाहर और न ही चौराहों पर उनकी गश्त दिखती है।

एंटी रोमियो दल की निष्क्रियता का नतीजा यह है कि मनचले खुलेआम छात्राओं का पीछा करते हैं, फब्तियां कसते हैं और विरोध करने पर धमकियां देते हैं। डरी-सहमी छात्राएं अक्सर शिकायत करने से बचती हैं, और जब शिकायत भी करती हैं तो पुलिस की धीमी कार्रवाई मनचलों के हौसले को और बढ़ा देती है। मंगलवार की यह घटना साफ करती है कि यदि समय रहते एंटी रोमियो दल को सक्रिय नहीं किया गया तो बेटियों की सुरक्षा सिर्फ सरकारी फाइलों तक सीमित रह जाएगी।

> एंटी रोमियो टीमों के कार्यों का औचक निरीक्षण कराया जाएगा। यदि कहीं पर कोई लापरवाही मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी। -**पवन गौतम**, एएसपी

### सड़क पर युवाओं की फोटो खींच टीम करती है कोरम पूरा

पुलिस महकमें के आदेश पर समय-समय पर एंटी रोमियो का अभियान चलाने का निर्देश होता है। तब टीम थानों से निकलकर सड़क पर पहुंचती तो है, लेकिन वह स्कूल, काम करने आने-जाने वाले खासतौर पर साइकिल सवारों और पैदल जा रहे युवाओं को रोककर फोटो खींचकर अधिकारियों को भेज कर टीम के सक्रिय होने का दावा करती है। इतना ही नहीं इनके नाम-पते भी रजिस्टर में नोट किए जाते हैं। कई बार तो युवा और महिला सिपाहियों के बीच इसको लेकर कहासुनी भी हो जाती है।

# नारद मोह व रावण तपस्या के मंचन से श्रीरामलीला शुरू

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** श्रीरामलीला के ऐतिहासिक मंच पर वृंदावन के कलाकारों द्वारा नारद मोह और रावण तपस्या लीला का मंचन किया गया।

नगर के मेला मैदान पर श्रीरामलीला के ऐतिहासिक मंच पर बुधवार को नारद मुनि तपस्या करने बैठ जाते हैं। उनकी तपस्या से भगवान इंद्र का सिंहासन डगमगाने लगता है और वह नारद की तपस्या को भंग करने का प्रयास करते हैं, पर असफल होते हैं। नारद मुनि ने कठिन तप करके रिद्धि सिद्धि प्राप्त की और उन्हें अहंकार हो गया कि उनसे बड़ा विष्णु भक्त कोई नहीं है। इस अहंकार को मिटाने के लिए भगवान विष्णु ने विश्वमोहिनी का स्वयंवर आयोजित कर नारद मुनि का भ्रम दूर किया। नारद मुनि विश्वमोहनी पर मोहित हो गए और श्री हरि से उनका वानर रूप मांग लिया, जिसके कारण स्वयंवर में उनका अपमान हुआ। अपमान से नारद मुनि को अपनी गलती का एहसास हुआ और वह अपनी तपस्या में लीन हो गए।

दूसरी लीला में मंच पर रावण की शिव तपस्या का मंचन दिखाया गया, जिसमें रावण ने शिव जी को प्रसन्न करने के लिए कठिन तप किया। भगवान शिव ने प्रसन्न होकर रावण को 10 प्रकार का ज्ञान और 10 सिर प्रदान किया, जिससे वह बहुत बुद्धिमान और ज्ञानी हो गया। श्री रामलीला समिति के संरक्षक जनार्दन गिरि, महामंत्री पंकज गुप्ता, रामगुलाम पांडे, कृष्णा बाजपेई, शोभित सिंह, सुरेश ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### श्रीरामलीला महोत्सव में आज

श्रीरामलीला के ऐतिहासिक मंच पर गुरुवार 25 सितंबर को श्रीराम जन्म, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार और जनकपुर दर्शन की लीलाओं का मंचन होगा।

# प्रमोद बने विशेष आमंत्रित सदस्य

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** उप्र रोडवेज कर्मचारी सयुंक्त परिषद के केंद्रीय प्रबंध समिति में प्रमोद कुमार मिश्रा को विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किए जाने पर संगठन के सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि वह संगठन को मजबूत करने के साथ ही श्रमिक समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाएंगे।


प्रमोद कुमार मिश्रा

# किसानों ने एसपी को भेजे शपथ पत्र

● गन्ना भुगतान न होने पर एफआईआर दर्ज होने का मामला

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** बजाज हिंदुस्थान शुगर लि की जिले में स्थापित चीनी मिलों के अधिकारियों के विरुद्ध 29 अगस्त को दर्ज कराए गए मुकदमों के बाद अब राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन से संबंधित किसानों ने एसपी को प्रार्थना पत्र और शपथ पत्र दिया है।

राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया ने बताया कि गोला कोतवाली में दर्ज करवाए गए मुकदमे में बयान दर्ज करवाने के लिए सहकारी गन्ना विकास समिति गोला के डेलीगेट राजेश कुमार मूडा अर्जुन, अनिल कुमार नौगवां, रूपेंद्र कुमार ढखवा पीतपुर, अजान के किसान सुर्जन लाल वर्मा, कैमहरी के तिलकराम, ढकवा प्रीतपुर के शिवदयाल वर्मा, रामनगर ग्रंट नंबर 11 के रामनिवास ने एसपी को दर्ज मुकदमे में अपना बयान दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र और शपथ पत्र दिये हैं। बजाज ग्रुप की खंभारखेड़ा चीनी मिल के अधिकारियों के विरुद्ध लखीमपुर कोतवाली में दर्ज मुकदमे में शिवकुमार वर्मा और लालूराम दोनवापुरवा, रामसागर और अवधेश कुमार कोरैयापुरवा, अजय वर्मा कोरैया, संजय, इंद्रजीत वर्मा त्रिकोलिया ने शपथ पत्र दिए हैं।

एसपी को पंजीकृत डाक से अलग-अलग भेजे गए प्रार्थना पत्र और शपथ पत्र में दर्ज मुकदमों में अपराध की धाराएं बढ़ाने और कंपनी के प्रबंध निदेशक कुशाग्र बजाज सहित सभी सात निदेशकों और महाप्रबंधक आनंदमई बजाज का नाम सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार बढ़ाये जाने की मांग की गई है। शपथ पत्र के साथ सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली के रामचंद्र एण्ड सन्स शुगर मिल्स प्राइवेट लि बनाम कन्हैया लाल मुकदमे के आदेश की प्रतिलिपि लगाई गई है।

जिला अध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया ने बताया कि संगठन द्वारा बजाज हिंदुस्थान शुगर लि की चीनी मिलों के विरुद्ध दर्ज किए गए मुकदमों पर बराबर पैनी नजर रखी जाएगी और चार्जशीट दाखिल करवाकर न्यायालय में सबूत पेश कर विधिक कार्रवाई कराई जाएगी।

# कंपोजिट विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया मीना का जन्मदिन

● रंगोली और गुब्बारों से सजाया गया विद्यालय

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** मिशन सशक्तिकरण के तहत क्षेत्र के उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में मीना मंच का कार्यक्रम बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने केक काटकर खुशी जताई।

महिला सशक्तिकरण को लेकर चल रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत मकनपुर कंपोजिट विद्यालय में मीना का जन्मदिन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय को गुब्बारे आदि लगाकर काफी ढंग से सजाया गया, रंगोली बनाई गई तथा बच्चों को विशेष आकर्षक भेष-भूषा में सजाया गया। नित्य प्रति के जटिल एवं अरुचिकर पठन-पाठन से इतर विद्यालय के बच्चों ने इस मन पसंदीदा कार्यक्रम में बढ़ -चढ़ कर भाग किया। सुगमकर्ता रुचि अग्रवाल, प्रधानाध्यापक अरुण अवस्थी, सहायक अध्यापक रंजन कुमार, अजय कुमार वर्मा, रीता शुक्ला और दिनेश कुमार सहित विद्यालय के सभी बच्चे मौजूद रहे।


कंपोजिट विद्यालय मकनपुर में केक काटते बच्चे।







## न्यूज ब्रीफ

### विधायक ने सड़क का किया शिलान्यास

**धौरहरा, अमृत विचार :** विकास खंड के गांव अदलीसपुर में मंदिर जाने के लिए ग्रामीणों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता था। जिसकी शिकायत मिलने पर विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने तत्काल इंटरलॉकिंग सड़क बनाने के निर्देश बीडीओ को दिए। बीडीओ संदीप कुमार तिवारी ने ग्रामपंचायत से इंटरलॉकिंग प्रस्ताव मांगा। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद बुधवार को विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने सड़क का शिलान्यास किया। इस मौके पर बीडीओ के साथ ही ग्राम विकास अधिकारी धीरज कुमार, उदय, रिंकू त्रिवेदी, प्रियंक पुरी आदि मौजूद रहे।

### नशेड़ियों का लगता है जमावड़ा, लोग परेशान

**भीरा, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर खुली शराब की दुकानों के सामने सार्वजनिक जगह पर नशेड़ियों के जमावड़ा लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। सबसे अधिक दिक्कत महिलाओं और युवतियों को होती है। दुकानों के आसपास देर रात तक शराब पीने और पिलाने दौर चलने लगता है। कस्बे के लोगों ने एसपी संकल्प शर्मा से इस पर रोक लगाने की मांग की है।

### रंजिशन गन्ने की फसल काटकर की नष्ट

**निघासन, अमृत विचार :** खैरहनी गांव के पूरब बरम बाबा स्थान के पास गांव के ही बलराम गुप्ता का गन्ने का खेत है। इसमें खड़ी गन्ने की फसल का करीब एक बीघा गन्ने का आधा भाग काटकर खेत में डाल दिया। पड़ोसी किसान शिवप्रसाद ने खेतों की ओर जाते समय बलराम के खेत की हालत देखी तो उन्हें खबर दी। बलराम ने इसे रंजिशन किया गया काम बताते हुए पुलिस को सूचना दी। इस पर सिपाहियों के साथ पहुंचे एसआई राजेंद्र तिवारी ने जांच की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**बेहजम, अमृत विचार :** थाना नीमगांव पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे गांव लाल्हनपुर निवासी प्रदीप राज को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत पांच सितंबर को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। एसआई जितेंद्र पाल सिंह ने बताया आरोपी का चालान भेजा है।

# दर्द से परेशान बच्ची का विधायक ने कराया इलाज

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** जनप्रतिनिधियों के यहां जनता की समस्याओं को सुनने के लिए दरबार तो रोज लगते हैं। पीड़ितों की समस्याएं भी हैरान करने वाली होती हैं, लेकिन बुधवार को विधायक रोमी साहनी के आवास पर पहुंची एक बच्ची को सुनकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। विधायक ने बच्ची का इलाज कराते हुए उसके टूटे हाथ में कच्ची प्लास्टर कराया, कपड़े दिलावाए और आर्थिक मदद भी की। विधायक की मदद का यह मामला सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

विधायक रोमी दुधवा रोड स्थित अपने आवास पर सुबह से जनता से मिल रहे थे। करीब नौ बजे पलिया क्षेत्र के गांव निवासी रामपाल अपनी सात साल की बच्ची दीपांशी के साथ पहुंचे। हाथ में झोला और पैजामा-बनियान पहने पिता के साथ बच्ची ने भी बहुत पुरानी पैजामी और फटी बनियान देख उनकी गरीबी का अंदाजा लगाया जा सकता था। विधायक ने देखते ही बच्ची को दुलारकर नाम पूछता उसने दीपांशी बताया। साथ ही रोते हुए अपना हाथ दिखाते हुए कहा कि दर्द के कारण वह रात में सो नहीं पाती है तो विधायक ही नहीं, बल्कि वहां मौजूद हर किसी की आंखों में आंसू आ गए। विधायक ने तुरंत अपनी गाड़ी से अस्पताल भिजवाकर न सिर्फ उस बच्ची के हाथ में कच्चा प्लास्टर करवाया और कपड़े भी दिलवाए।

विधायक ने कहा कि आगे उसका पक्का प्लास्टर भी करवाया जाएगा। अपना इलाज कराने के बाद पिता के साथ लौटी बच्ची नई गुलाबी रंग की फ्राक और नयी सैंडिल पहन रखी थी। विधायक ने देखते ही कहा कि अरे, अब तो तुम पहचान में नहीं आ रही हो। दिवाली के लिए क्या खरीदा? विधायक के गनर ने थैले से नया सूट दिखाया। विधायक ने आर्थिक मदद करते हुए कहा कि तुम्हारा पूरा इलाज कराएंगे और ये नये कपड़े दिवाली पर पहनना। इसके बाद पिता और बच्ची हंसते मुस्कुराते लौट गए।



मदद के बाद बच्ची से बात करते विधायक।



मदद के पहले : विधायक रोमी साहनी।

### बच्ची के चेहरे पर मुस्कान देख मन को मिला संतोष

विधायक रोमी साहनी ने इस बाबत सिर्फ इतना कहा कि वैसे तो वह हर रोज अनेक लोगों की मदद करते हैं, लेकिन आज जब बच्ची के चेहरे पर आई मुस्कान देखी, तो सच में मन को असीम संतोष मिला। कहा कि जनसेवा का असली सुख तभी है, जब किसी के जीवन में दर्द कम होकर खुशियां लौट आएं।

# इंसाफ की प्रक्रिया को बाधित किया जा रहा

- भाजपा ने क्रमिक अनशन को दिया समर्थन
- छठे दिन भी कांग्रेसियों का जारी रहा क्रमिक अनशन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़ करने के मामले में भाजपा महिला सभा की कार्यकर्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने और उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेसियों का क्रमिक अनशन छठवें दिन भी जारी रहा। पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि इंसाफ मिल जाने की प्रक्रिया को बाधित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बीजेपी जैसी राजनीतिक पार्टी की न्याय की मंशा कभी नहीं रही है। बीजेपी लोकतंत्र और संविधान को नहीं मानती। अपराधियों को संरक्षण प्राप्त है। वर्तमान बीजेपी सरकार में न्याय की उम्मीद नहीं रखनी चाहिए। यह सरकार न्याय दिला पाने में अक्षम है। अपराधियों को सरकार और प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है। इसी वजह से पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने से बच रहा है, लेकिन इस लड़ाई को कांग्रेस जन आगे तक ले जाएंगे। बात कार्यालय पर तोड़फोड़ की तो है ही। साथ ही बीजेपी लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है।

क्रमिक अनशन पर भाकपा माले की नेता कृष्णा अधिकारी भी पहुंच कर अपनी पार्टी का समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी के द्वारा सुनियोजित तरीके से पुलिस के संरक्षण में कांग्रेस भवन पर तोड़ फोड़ की जो कि बेहद निंदनीय है। बीजेपी लोकतंत्र और संविधान को नजरअंदाज करते हुए बुलडोजर नीति पर भरोसा करती है। क्रमिक अनशन पर दीपक बाजपेई, विनोद तिवारी, बलराम वरुण, डॉक्टर नासिर खान, अभय प्रताप सिंह, सईद अहमद, खुशनसीब अंसारी, अनिल कुमार गुप्ता, महेंद्र कुमार दीपांजलि गौतम, पूजा, प्रियंका, तसलीम आदि मौजूद रहे।



क्रमिक अनशन पर बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# डीएम ने सहायक अध्यापिका को दिया नोटिस

## फूलबेहड़ ब्लॉक के चार परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण, लापरवाही मिलने पर की गई कार्रवाई

- पढ़ाई से मिड-डे मील तक की कसौटी पर तौली शिक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बुधवार को बिना भनक दिए विकास क्षेत्र फूलबेहड़ के चार परिषदीय विद्यालयों दुर्गापुर, बन्नी और कुसमौरी में अचानक जा पहुंचीं। डीएम के काफिले को देख गांव वाले भी आ गए। जहां पढ़ाई और मिड-डे मील का जायजा लिया गया, वहीं मिली लापरवाही पर सहायक अध्यापिका को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह, बीडीओ फूलबेहड़ सुमित कुमार सिंह मौजूद रहे।

डीएम सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुर पहुंचीं, जहां तहरी मेन्यू के मुताबिक पक रही थी, मगर 40 पंजीकृत बच्चों में सिर्फ 18 ही मौजूद थे। डीएम ने अभिभावकों से संपर्क कर उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश दिया। छात्र राहुल से किताब पढ़वाकर रीडिंग स्किल परखी और टेबल सुनाने वाले बच्चों को टॉफी व चॉकलेट देकर उत्साहित किया। इसके बाद डीएम संविलियन विद्यालय बन्नी पहुंचीं, जहां निरीक्षण के दौरान 272 में से महज 150 छात्र ही उपस्थित मिले। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने छात्राओं शिवांगी और रूबी से किताब पढ़वाकर पढ़ाई की गुणवत्ता परखी।

कमजोर बच्चों को आगे बैठाने के निर्देश का पालन न करने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई और सहायक अध्यापिका आराधना मिश्रा पर नोटिस जारी करने का आदेश दिया। कक्षा छह में ब्लैकबोर्ड पर प्राकृतिक संख्या से जुड़े सवाल पूछकर गणित की समझ जांची। बच्चों से दूध और फल वितरण की पुष्टि की। शिक्षक संदर्शिका और अन्य पंजिकाओं को भी बारीकी से खंगाल कर निर्देश दिए कि सभी अभिलेख समय से और विस्तार से दर्ज किए जाएं।



बच्चों से बोर्ड पर पढ़वाकर देखतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। ● अमृत विचार



बच्ची की रीडिंग स्किल चेक करतीं डीएम।

### बाथरूम की टंकियां गायब, लगी फटकार

प्राथमिक विद्यालय कुसमौरी में कक्षा दो की पिंकी और रागिनी से ब्लैकबोर्ड पर लिखे अक्षर पढ़वाए। छात्राएं अक्षर पहचानने में सफल रहीं, लेकिन मात्राओं का ज्ञान कमजोर निकला। मिड-डे मील में तहरी के साथ सोयाबड़ी की गुणवत्ता भी परखी। उच्च प्राथमिक विद्यालय कुसमौरी में तो बाथरूम की रनिंग वाटर सप्लाई ठप और पानी की टंकियां नदारद मिलीं। डीएम ने कड़ी फटकार लगाई और तुरंत सुधार के निर्देश दिए। परिसर में उगी बड़ी-बड़ी घास कटवाने के आदेश दिए। शिक्षक डायरी में 14, 15 और 16 सितंबर का विवरण न मिलने पर समय से दर्ज करने की सख्त हिदायत दी।

### विद्यालयों के शौचालय होंगे पूरी तरह क्रियाशील

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि सेवा पखवाड़ा ( 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 ) के दौरान परिषदीय विद्यालयों के शौचालयों की कमियों को दूर कर उन्हें पूरी तरह दुरुस्त किया जाए। निरीक्षण में कई विद्यालयों के शौचालयों में जलापूर्ति बाधित, ताले बंद या गंदगी पाई गई। डीएम ने बीडीओ को हर 15 दिन पर स्वयं निरीक्षण करने के भी सख्त निर्देश दिए हैं।

# तीन पार्टियों को चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

- जिले की एक्शन पार्टी, नई क्रांति पार्टी और राष्ट्रीय लोकशक्ति पार्टी हैं शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** भारत निर्वाचन आयोग ने वित्तीय और चुनावी पारदर्शिता न रखने वाले जिले के तीन पंजीकृत राजनीतिक दलों एक्शन पार्टी, नई क्रांति पार्टी और राष्ट्रीय लोकशक्ति पार्टी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा ये नोटिस भेजे गए हैं। उक्त जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने दी।

जिन दलों को नोटिस जारी हुआ है, उनमें नई क्रांति पार्टी (बाबा मृत्युंजयनाथ मंदिर, कुम्हारन टोला फर्स्ट, गोला), राष्ट्रीय लोकशक्ति पार्टी (अर्जुन नगर कॉलोनी, गोला) और एक्शन पार्टी ( मैगलगंज, मुख्य बाजार, हरिचरनेश्वर महादेव मंदिर के पास, ब्लॉक पसगवां) शामिल हैं। आयोग के मुताबिक इन दलों ने न तो वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के वार्षिक लेखापरीक्षित खाते समय पर जमा किए और न ही वर्ष 2019 से अब तक हुए विभिन्न चुनावों में भाग लेने के बावजूद निर्वाचन व्यय विवरणी तय अवधि विधानसभा चुनाव में 75 दिन और लोकसभा चुनाव में 90 दिन के भीतर प्रस्तुत की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने तीनों दलों को निर्देश दिया है कि वे तीन अक्टूबर 2025 तक हलफनामे सहित लिखित प्रत्यावेदन और अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत करें। सुनवाई के लिए अलग-अलग तिथियां तय की गई हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0854381 तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2225638832 के अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **ग्रीश पाल पुत्र शम्भी निवासी ग्राम सुल्तानपुर टप्पा फरीदनगर तहसील सहसवान पोस्ट दानपुर जिला बदायूं**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कमाल हुसैन पुत्र प्यारे मियाँ निवासी 803 किला छावनी बरेली जिसका बैनामा संख्या - बही संख्या -1, जिल्द सं0 2481 के पृष्ठ नम्बर 271-272 में नंबर 12665 का बैनामा दिनांक 16.04.2025 को गुम हो गया है, यदि किसी को मिले तो सम्पर्क 9837385423

**NOTICE**

I, KORNANA TATARAO, FATHER of Army No-2617505W Rank-Sep name Kornana Eswara Rao presently residing at Vill- Bahadapalli, Tehsil-Man- dasa, Distt-Srikakulam, State-Andhra Pradesh, PIN-532243, have changed my name from KORNANA TATA RAO to KORNANA TATARAO as per Aadhar Records. Vide Affida- vit Declaration date18 sep 2025 advocate and Notary Keshav Ram Tiwari,Shahjahanpur.

**NOTICE**

I, G NAGAMMA, mother of Army No. JC-441899H Rank-Sub name Ramesh Golla presently residing at Vill-Varanasi Vari Palli- Tehsil-Rompicherla, Distt- Chittoor, State-Andhra Pradesh, PIN- 517192, have changed from my NAGAMMA name TO G NAGAMMA as per Aadhar Records. Vide Affidavit Declaration date18 sep 2025 advocate and Notary Keshav Ram Tiwari, Shahjahanpur

**NOTICE**

I, G KRISHNAIAH, FATHER of Army No. JC-441899H Rank- Sub name Ramesh Golla presently residing at Vill-Varanasi Vari Palli - Tehsil-Rompicherla, Distt- Chittoor, State-Andhra Pradesh, PIN- 517192, have changed my name from KRISHNAIAH G TO G KRISHNAIAH as per Aadhar Records. Vide Affidavit Declaration date 18 sep 2025 advocate and Notary Keshav Ram Tiwari, Shahjahanpur.

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है एक नवगठित मत्स्य जीवी सहकारी समिति का गठन मोहनपुर परौर न्याय पंचायत कुन्डरिया में मोहनपुर के पंचायत घर में दिनांक 30.09.2024 को समय दोपहर 02 बजे आयोजित की जायेगी। जिसमें मछुआ समुदाय/अनुसूचित जाति के इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति भाग ले सकते हैं। मत्स्य सम्बन्धी कार्य करने वालों को वरीयता प्रदान की जायेगी।- **मुख्य प्रवर्तक, अरूण कश्यप**

**सूचना**

मैंने अपनी पत्नी रूकसाना व पुत्र अफसर, रेहान एवं पुत्री खुशनूर जो कि अपने भाई याकूब व अहसान बाबू पुत्रगण यासीन, वसीम पुत्र याकूब मेरी पत्नी एवं बच्चों को बहकाते हैं। जिसके कारण मेरी पत्नी एवं बच्चों का व्यवहार मेरे प्रति अच्छा नहीं है। उनके द्वारा किये गये गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **मो. शफीक पुत्र बली मोहम्मद निवासी- कुंवरपुर बंजरिया, थाना हाफिजगंज, जिला बरेली (उ.प्र.)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट सं0 2437528 में मेरा नाम रूबी खान (RUBI KHAN ) दर्ज व जन्म तिथि 01.01.1980 दर्ज है जो कि गलत है। जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम रूबी खान (RUBY KHAN) व जन्म तिथि 10.07.1977 दर्ज है जो कि सही है। **रूबी खान पत्नी तसलीम रजा खान निवासी 110ए, स्वाले नगर जागृति नगर बस्ती रामपुर रोड किला बरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सुखविंदर सिंह व उसकी पत्नी पवनदीप कौर को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा उनसे अब कोई सरोकार व वास्ता नहीं होगा। **अमरीक सिंह पुत्र कुंदन सिंह निवासी अंबेडकर नगर, पटिहन, कोतवाली व तहसील पलियाकलां जिला खीरी।**

**सूचना**

मेरे भाई स्व. वेदप्रकाश का विवाह लक्ष्मी देवी पुत्री राकेश कुमार निवासी मठ, बरेली के साथ हुआ था। मेरे भाई का स्वर्गवास दिनांक 06.08.2025 को हो गया था। मेरे भाई की पत्नी लक्ष्मी देवी ने अपनी मर्जी से पुर्नविवाह दिनांक 23.09.2025 को कर लिया है। वह अपने पति मनोज कुमार पुत्र श्री दुर्गाप्रसाद निवासी ग्राम करेली जिला बरेली के साथ खुशी से रह रही हैं। उपरोक्त लक्ष्मी देवी के किसी भी प्रकार के दावे व व्यवहार का मैं व मेरा परिवार उत्तदायित्व नहीं होगा। **भूपराम पुत्र स्व. मनीराम निवासी मोहल्ला देशनगर शहर, पीलीभीत**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिवश नाम NAVENDRA KUMAR MISHRA अंकित है। जबकि आधार कार्ड और अन्य अभिलेखों में NAVENDU KUMAR MISHRA दर्ज है, जो कि सही नाम है। मुझे नवेंदु कुमार मिश्रा नाम से ही जाना, पहचाना जाता है। **नवेंदु कुमार मिश्रा पुत्र मनोज कुमार मिश्रा निवासी मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना गोला गोकर्णनाथ, जिला-खीरी।**

# प्रधानमंत्री ने संभाली देश की हर बहन की स्वास्थ्य की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य देखभाल का एक उदाहरण है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की हर महिला की स्वास्थ्य सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाई है। यही संदेश श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी ने स्वास्थ्य शिविर के आरंभ अवसर पर दिया।

बुधवार को सीएचसी फूलबेहड़ में लगे स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन विधायक मंजू त्यागी एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह ने फीता काटकर किया। विधायक मंजू त्यागी ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार गरीबों को राशन, आवास, उज्ज्वला गैस और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि देश की प्रत्येक महिला के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री ने भाई की तरह उठाई है। विधायक ने यह भी बताया कि गरीब मुस्लिम बहनों और उनके परिवार को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध है।

उज्ज्वला गैस योजना ने घर में आराम और सुविधाएं दी हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों को अपना घर मिला है और निशुल्क राशन से परिवार का भरण-पोषण संभव हो रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. कमलेश नारायण ने बताया कि शिविर में कुल 890 लाभार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान डॉ. अनिल वर्मा, डॉ. दीपेंद्र गौतम, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. कमलेश नारायण, डॉ. आशीष वर्मा, डॉ. प्रकाशनी वर्मा, डॉ. अंकिता भारती मौजूद रहे।



स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करती विधायक मंजू त्यागी। ● अमृत विचार

- विधायक मंजू त्यागी ने स्वास्थ्य शिविर का किया उद्घाटन

# छात्रा आरती बनी एक दिन की प्रधानाध्यापिका

**ममरी, अमृत विचारः** बांकेगंज ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय हरदुआ में मिशन शक्ति फेज -5 अभियान के तहत हुये विशेष कार्यक्रम की थीम एक दिन का अधिकारी के अन्तर्गत छात्रा आरती मौर्य को प्रधानाध्यापिका की जिम्मेदारी सौंपी गई। छात्रा आरती मौर्य ने विद्यालय संचालन की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाकर अपने नेतृत्व कौशल और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। छात्रा आरती मौर्य ने सभी सहपाठियों को पढ़ाई व साफ सफाई के प्रति जागरूक कर बताया कि हम लोग लगातार अनुशासित होकर पढ़ाई करके अपने सभी लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं।



आरती मौर्य।

# कॉरिडोर की जद में आईं दुकानें दीवाली तक न हटाएं



गोला में पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन देते व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष को दिया ज्ञापन

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए कॉरिडोर सौंदर्यीकरण की जद में आ रही दुकानों को दीवाली तक न हटाये जाने की मांग का ज्ञापन पालिकाध्यक्ष को दिया है।

व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अरुण अवस्थी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि तीर्थ परिसर के दुकानदार कॉरिडोर सौंदर्यीकरण से रोजगार में काफी पीछे चले गये हैं। दीपावली पर उन्हें उम्मीद है कि उनका व्यवसाय अच्छा हो जायेगा। ज्ञापन में मांग की गई कि जो दुकानें कॉरिडोर सौंदर्यीकरण में टूटनी है उनको दीपावली तक न तोड़ा जाये, जिससे सभी का त्यौहार भली भांति हो सके।

# 30 से अधिक लोग हुए ठगी के शिकार, 10 करोड़ रुपये डूबे

- ऑनलाइन फ्रॉड: विदेश भागने की फिराक में थे आरोपी
- आरोपियों ने पूछताछ कर रही सदर कोतवाली पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र में 30 से अधिक लोग ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार हो गए, जिसमें मोटे लालच में लगभग 10 करोड़ रुपये डूब गए। पीड़ितों ने शिकायत में बताया कि बॉम्बिटेक एक्सचेंज और बीमैक्स रियल्टी नामक कंपनी ने क्रिप्टो ट्रेडिंग और अन्य योजनाओं में अधिक ब्याज का लालच देकर लोगों से पैसा जमा किया था। पीड़ितों का कहना है कि कंपनी ने हर महीने 7.5% तक ब्याज का वादा कर पैसा जुटाया। शुरुआती महीनों में कुछ निवेशकों को रिफंड मिला, लेकिन जुलाई 2025 के बाद कंपनी ने रिफंड का ऑप्शन बंद कर दिया। इस पर कई प्रयास करने के बाद पीड़ितों को ठगी का एहसास हुआ। सदर कोतवाली पुलिस ने विदेश भागने की तैयारी कर रहे दो साथियों को पकड़ा है। कोतवाली लाकर उनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। ठगे जाने वालों में कुछ बड़े व्यापारी और अधिवक्ता भी शामिल हैं।

ठगी के शिकार बने नृपेंद्र कुमार मौर्य, कृष्ण कुमार गुप्ता, लक्ष्मी देवी, विकास कुमार यादव, प्रभात कुमार अवस्थी, प्रवीण श्रीवास्तव अनुराग तिवारी आदि ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कंपनी के मालिक ने खीरी जिले के साथ ही पीलीभीत, शाहजहांपुर और सीतापुर में अपना नेटवर्क फैलाया।

पीड़ितों का कहना है कि मालिक एकाध महीने पहले दुबई भाग गया, जबकि टीम लीडरों के माध्यम से वह सीधे संपर्क बनाए रख रहा है और अन्य लोगों को भी ठगी का शिकार बना रहा है। ऑनलाइन ट्रेडिंग और ज्यादा ब्याज के चक्कर में खीर जिले के 30 से अधिक लोगों ने करीब 10 करोड़ रुपये डूबो दिए। कंपनी एक मुश्त जमा हुए रकम पर हर महीने साढ़े सात प्रतिशत ब्याज देने का झांसा देकर यह रकम जुटाई थी। जब रकम रिफंड नहीं हुई तो ठगी की जानकारी हुई।

तहरीर में कहा है कि थाना मितौली के गांव राजेपुर निवासी जय प्रकाश मौर्या ने अपने अन्य साथियों के साथ लखीमपुर खीरी के साथ ही आस पास के अन्य जिलों में लगातार सेमिनार करते थे। बॉम्बिटेक एक्सचेंज और बीमैक्स रियल्टी नामक कंपनी और उसकी वेबसाइट के जरिए लोगों को क्रिप्टो ट्रेडिंग और अन्य स्कीमों में पैसा लगाने के लिए लालच देते थे। ज्यादा ब्याज और अच्छे मुनाफे के चलते शहर के 30 से अधिक लोग इसमें रुपये इन्वेस्ट किए। किसी ने दो लाख तो किसी ने 25 लाख रुपये तक कंपनी में इन्वेस्ट किए।

पीड़ितों के मुताबिक शुरुआती कुछ महीनो में तय ब्याज के हिसाब से रिफंड मिला, लेकिन जुलाई 2025 के बाद कंपनी ने रिफंड देने वाले ऑप्शन को बंद कर दिया। कई बार के प्रयास के बाद भी जब रिफंड नहीं हुआ तो पीड़ितों को ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने बताया कि जय प्रकाश मौर्या जोकि कंपनी का सीएमडी बताया जा रहा है, के खिलाफ पहले से ही नीमगांव थाना और जिला एटा में फ्रॉड के मामले दर्ज हैं, जो न्यायालय में लंबित हैं।

शहर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। तहरीर मिली है जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पीड़ितों ने बताया कि कंपनी के कुछ अन्य लोग विदेश भागने की फिराक में हैं। इसके लिए वह वीजा और पासपोर्ट भी बनवा रहे हैं।

### शहर के होटल से पकड़े गए दो टीम लीडर

कंपनी की तरफ से मिली लग्जरी कार से टीम के दो लीडर लखनऊ से लखीमपुर पहुंचे और वह शहर के एक होटल में रुक कर मासूम लोगों को अपना शिकार बना रहे थे। इस बात की जानकारी जब पीड़ितों को हुई तो तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों टीम लीडरों को लेकर कोतवाली आई। टीम लीडरों में वीरेंद्र भटनागर और दुर्गेश शर्मा का नाम सामने आया है। पुलिस दोनों की दस्तावेज लेकर जांच में जुड़ गई है।

# बस्तौली में माता दुर्गा की मूर्ति की हुई स्थापना

**बग्घून ,अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव बस्तौली में नवरात्रि पर ग्राम वासियों के द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना कर तीसरे दिन चंद्रघंटा की पूजा की गई। ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर माता रानी के दरबार में नाचते गाते हुए ढोल नगाड़ों के साथ पुरोहित के द्वारा मंत्रोचार हुआ पूजन कर माता की प्रतिमा स्थापित कराई। आयोजकों ने बताया कि नवरात्र के प्रथम दिन से ही नौ दिनों तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक भजन कीर्तन और देवी पुराण भागवत का पाठ होगा। प्रतिदिन माता रानी के दरबार में सभी भक्त उपस्थित होकर जयकारों के साथ पूजा अर्चना करेंगे और भजन कीर्तन में शामिल हुए।

**न्यूज ब्रीफ**

### अनियंत्रित होकर बाइक झाड़ियों में घुसी, युवक की मौत

**खुटार, अमृत विचार :** शाहजहांपुर में बरेली मोड़ काशीराम कॉलोनी निवासी अजय कुमार (27) बुधवार दोपहर बाद बाइक से ससुराल जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा गोला के गांव भरिगवां जा रहे थे। खुटार-खीरी सीमा के पास पुलिस चौकी के पास सामने से आ रहे वाहन को बचाने के फेर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में चली गई। हादसे में अजय कुमार घायल हो गए। मौजूद लोगों ने पूछताछ की। तो ससुराल के लोग मौके पर पहुंचे। बाद में 108 एंबुलेंस से घायल को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया। इसके बाद देर शाम युवक की मौत हो गई।

### ट्रांसफार्मर जलने से बिजली आपूर्ति ठप

**बेहजम, अमृत विचार :** थाना नीमगांव के गांव भूलनपुर में लगा ट्रांसफार्म जल गया। इससे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली न होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार अधिकारियों से ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की, लेकिन विभाग ने कोई कदम नहीं उठाए हैं।

### नवभारत स्कूल ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** अद्भुत क्रिकेट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नवभारत पब्लिक स्कूल महेवागंज ने उत्तर प्रदेश सरकार से आयोजित अंडर-17 जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। इस ऐतिहासिक जीत से पूरे विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। फाइनल में नवभारत पब्लिक स्कूल का सामना इस्लामिया इंटर कॉलेज से हुआ। टॉस जीतने के बाद नवभारत के कप्तान ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। सधी हुई गेंदबाजी और फुर्तीले क्षेत्ररक्षण की बदौलत इस्लामिया की टीम 8 ओवर में 72 रनों का लक्ष्य ही रख पाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नवभारत टीम ने आक्रामक और आत्मविश्वासी बल्लेबाजी दिखाते हुए केवल 6 ओवर में ही लक्ष्य पार कर लिया। पारी का मुख्य आकर्षण रहे ज्ञानेंद्र, जिन्होंने लगातार दो छक्के और एक चौका जड़कर मैच का रुख पूरी तरह नवभारत के पक्ष में कर दिया।

## गांव उमरपुर में प्रेम-प्रसंग के शक में पत्नी की गला दबाकर हत्या

### दो माह पहले प्रेमी के साथ फरार हुई थी महिला, बच्चों को लेने लौटी तो खेत में की वारदात

संवाददाता, मितौली



हत्यारोपी पति।



घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र की चौकी पिपरझला के उमरापुर गांव में मंगलवार की देर शाम एक सनसनीखेज वारदात हुई। पति ने प्रेम-प्रसंग के शक में अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लिया है।

गांव उमरपुर निवासी जगदीश वर्मा की 30 वर्षीय पत्नी दो माह पहले अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। उस समय उसने अपने तीन छोटे बच्चों को पति के पास छोड़ दिया था।

उमरापुर निवासी जगदीश वर्मा ने अपनी 30 वर्षीय पत्नी पिंकी देवी की गला दबाकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि दो माह पहले पिंकी देवी अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई थी और अपने तीन बच्चों को पति के पास छोड़ गई थी। करीब चार दिन पहले वह बच्चों को लेने वापस गांव लौटी थी।

बताते हैं कि मंगलवार की देर शाम आरोपी पति जगदीश बहाने से पिंकी को खेतों की तरफ ले गया और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या की खबर मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी सीओ समेत अन्य पुलिस अफसरों को दी।

सीओ जितेंद्र सिंह परिहार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सीओ मितौली जितेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि आरोपी जगदीश पुलिस हिरासत में है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का कहना है कि वह पिंकी के प्रेम प्रसंग से नाराज था और इसी कारण उसने उसकी गला दबाकर हत्या की है। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

## पीलीभीत-गोरखपुर एक्सप्रेस से कटकर युवक की मौत



रेलवे लाइन पर खड़े ग्रामीण और पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, बांकेगंज



मृतक मनीश।

**अमृत विचारः** पीलीभीत गोरखपुर एक्सप्रेस की चपेट में आने से 26 वर्षीय मनीष की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक मनीष पुत्र रामऔतार का शव इमलिया कोठी गांव के उत्तर पश्चिम में पिलर संख्या 174/5 के पास रेलवे ट्रैक पर पाया गया। कटा हुआ सिर करीब 10 मीटर की दूरी पर पड़ा हुआ था। रेलवे ट्रैक पर जब एक युवक के शव के पड़े होने की जानकारी आसपास के लोगों को मिली तो वहां भीड़ लग गई।

पुलिस ने बताया कि मृतक मनीष को मिर्गी के दौरे आते थे। जिससे यह संभावना है कि जब वह रेलवे ट्रैक के पास से निकल रहा होगा तब दौरा आ गया होगा और वह रेलवे ट्रैक पर गिर गया होगा। उस समय पीलीभीत गोरखपुर एक्सप्रेस आ रही थी, जिसकी चपेट में वह आ गया और उसकी मौत हो गई। मृतक की बहन सुदामा के मुताबिक मनीष सुबह करीब आठ बजे घर से निकला था। सभी ने समझा कि वह अन्नापुर स्थित ननिहाल गया होगा।

## स्कूलों में मनाया गया मीना का जन्मदिन

**पसगवां ,अमृत विचारः** मिशन शक्ति के पांचवें फेज के तहत क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में मीना का जन्मदिन मनाया गया है। मीना मंच नोडल शिक्षक सत्येंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में 24 सितंबर को विद्यालय सजाने के साथ ही केक काटकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या पसगवां में विवेक शर्मा, फरिया पिपरिया में सोहन लाल, जलालपुर में कविता, सुखवसा में छत्रपाल भारती, बरवर में प्रेमलता ठाकुर, कोटरा में पूर्ति अग्रवाल, सोनौवा में आरती, मोहीउद्दीनपुर में सपना सिंह, काशीपुर में अर्चना सैनी, गौहनिया आलम से ऋतु, बनकागांव में सुमन, जमुनिया कढीले में सुमन वर्मा, पतवन में मधुर प्रकाश, मैगलगंज में उर्मिला रस्तोगी, डंडौरा में वंदना शुक्ला, अल्लीपुर में प्रीति प्रभाकर, मछेछा में रेखारानी, कल्लूआ में मोहम्मद रवि, ढखौरा में बविता शुक्ला, सोनौरा में मीनू, ढढेल में सुरमेश ने मीना का जन्मदिन मनाने के साथ मीना मंच की गतिविधियां कराई।

## निराश किसान ने केला की तीन एकड़ फसल जोती

संवाददाता, मझगईं



केले की फसल को जोतता किसान।

**अमृत विचारः** कौड़ियों के दाम बिक रही केले की फसल से अब किसानों का मोह भंग होता जा रहा है। लागत न निकलने से नाराज बौधिया कलां के किसान ने अपनी तीन एकड़ केले की फसल ट्रैक्टर से जोत डाली।

गांव बौधिया कलां निवासी किसान अंकुर सिंह ने बताया कि गांव के करीब तीन एकड़ केले की पौध लगाई थी, जिसमें खाद, दवा,पानी, निराई आदि चीजों की लागत भी नहीं निकल पा रही है, जिस कारण उन्होंने ट्रैक्टर से खेत में लगई केले की फसल को जोत दिया। किसानों का कहना है कि गन्ने का पेमेंट न मिलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिस कारण केले की खेती शुरू की थी। जब फसल तैयार हुई तो केले का भाव काफी कम हो गया।

कौड़ियों के दाम में केले की खरीदारी हो रही है, ऐसे में जो लागत लगाई है। वह भी नहीं निकल पा रही है। जिस कारण तीन माह पहले लगाई

**● कौड़ियों के भाव बिक रही केले की फसल, नहीं निकल रही लागत**

तीन एकड़ में केले की पौध को जोत डाला। फसल से आमदनी न होने के कारण किसान अपने बच्चों की फीस तक नहीं जमा कर पा रहे है। किसान अपनी आजीविका बहुत ही मुश्किल से चला पा रहे है। उनका कहना है कि किसान सरकार की नीतियों से नाराज है, जो किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करती है, लेकिन वास्तविकता में किसानों को भारी नुकसान हो रहा है।

## प्राथमिक विद्यालय चिकवनपुरवा में कंप्यूटर लैब आरंभ की

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



डिजिटल लैब का शुभारंभ करते विधायक विनोद शंकर अवस्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** ग्रामीण शिक्षा को तकनीक से सशक्त बनाने की दिशा में ऐपइनवेंटिव फाउंडेशन ने एक सराहनीय कदम उठाया है। ब्लॉक ईसानगर के प्राथमिक विद्यालय चिकवनपुरवा में बुधवार को अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब की स्थापना की, जिसका शुभारंभ धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने फीता काटकर किया।

खंड शिक्षा अधिकारी अखिलानन्द रॉय एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष मौर्य ने विधायक को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि आज के समय में डिजिटल शिक्षा बच्चों की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीक से जोड़कर ही हम उन्हें आत्मनिर्भर बना सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान ऐपइनवेंटिव फाउंडेशन

**● डिजिटल शिक्षा से जुड़ेगें ग्रामीण बच्चे**

के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि यह पहल केवल कंप्यूटर उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यालय के बच्चों को निःशुल्क तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। ताकि छात्र डिजिटल शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़कर प्रतिस्पर्धी माहौल में अपने भविष्य को संवार सकें। आने वाले समय में इसी तरह की पहल अन्य विद्यालयों में भी की जाएगी, जिससे ग्रामीण अंचल के अधिक से अधिक बच्चों को आधुनिक शिक्षा का लाभ मिल सके। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष संतोष मौर्य ब्लॉक कार्यकारणी से सुनील वर्मा शशिकांत महेश विश्वकर्मा, नित्यानंद मिश्रा, दुर्गेश पाण्डे,नरेश कुमार, शरद कुमार गुप्ता,अरुण गुप्ता, सर्वेश सिंह ,मंजू लाल एवं अन्य विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व ग्रामीण मौजूद रहे।

## हल्दी और कंडुआ रोग से झुलस रही धान की फसल

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचारः** वसलीपुर और आसपास के गांवों में धान की फसल इस समय पकने की कगार पर है। लेकिन धान की फसल पकने से पहले ही खेतों में बीमारी का प्रकोप किसानों की मेहनत पर भारी पड़ रहा है। हल्दी रोग और कंडुआ का हमला इतना तीव्र है कि देखते ही देखते धान की हरी भरी बालियां पीली पड़कर झुलसने लगी हैं।

ब्लॉक बिजुआ के वसलीपुर क्षेत्र में धान की फसल लगाने वाले किसान बताते हैं कि बालियों पर गोल गोल अंडे दूर से ही दिखाई देने लगे हैं। तना कमजोर हो गया है और धान खेतों में गिरने लगा है। खेतों की यह हालत देखकर किसान परेशान हैं कि रोग का सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ेगा। क्षेत्र के किसान सेवाराम, मेवालाल, बंशीधर, दीनबंधु, ठाकुर प्रसाद, संजीव कुमार, लालता प्रसाद

**● किसानों की मेहनत पर भारी, पैदावार को लेकर चिंतित किसान**

आदि ने बताया कि महंगी दवाओं के छिड़काव के बाद भी कोई असर नहीं दिख रहा है। दवाएं कारगर साबित नहीं हो पा रही हैं। अगर यही आलम रहा तो यह रोग तने को कमजोर कर पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लेगा। किसानों ने बताया कि इन दिनों यह रोग क्षेत्र के दर्जनों गांवों में धान की फसल में लगा है।

बारिश थमने के बाद से लगभग 20 प्रतिशत फसल रोग के कारण प्रभावित हो चुकी है। अब खेतों में धान की पत्तियां पीली होकर सूख रही हैं और तने झुलस रहे हैं। किसानों का कहना है कि रोग फैलते ही उनकी मेहनत चौपट होती दिख रही है, जिससे उत्पादन घटने की आशंका ने नींद उड़ा दी है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्र का सर्वे कराया जाए, साथ ही विशेषज्ञों की देखरेख में सही दवा उपलब्ध कराई जाए।

## केक काटकर छात्राओं ने मनाया मीना दिवस



पचपेड़ी के जूनियर हाईस्कूल में मना मीना का जन्मदिन ● अमृत विचार

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** पीएम श्री जूनियर हाईस्कूल पचपेड़ी में बच्चों ने केक काटकर मीना का जन्मदिन मनाया। महिला सशक्तिकरण व जेंडर संवेदीकरण पर आधारित बेटी बचाओ, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बालिका शिक्षा और महिला अधिकारों के प्रति जागरूक करने को गठित मीना मंच से ऐसे कार्यों को प्रस्तुत किया गया। प्रधानाध्यापक रूप सिंह यादव ने मीना के किरदार की जानकारी दी। इसमें मीना मंच सुगमकर्ता ममता शुक्ला सहित मनीष वर्मा, हिमांशु चौरसिया और प्रदीप शाक्यवार शामिल हुए। बम्हनपुर इलाके के द्वारिका पुरवा संविलियन स्कूल के कार्यक्रम में मन में उमंग, उल्लास, सहानुभूति और सहायता का भाव रखने वाली मीना को एक काल्पनिक पात्र बताया गया। प्रधानाध्यापक राजीव पांडे ने मीना को बच्चों की प्रेरक बताया। कार्यक्रम में महेश चौहान, अरुण शर्मा, टीकम सिंह, एनके यादव, प्रीति, नजमुन और संतोषी आदि शामिल थे।

## मिट्टी निकालने गई युवती नदी में डूबी तलाश जारी



नाजमी।

**निघासन ,अमृत विचारः** पढुआ थाने के सुजानपुर गांव निवासी मुनव्वर की पुत्री नाजमी (18) बुधवार दोपहर गांव के अन्य बच्चों के साथ घाघरा नदी किनारे गीली मिट्टी लेने गई थी। मिट्टी निकालने के बाद नाजमी नदी किनारे पैर धुल रही थी, इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गई। साथी बच्चों ने शोर मचाया और घर वालों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे घर वाले तलाश में लग गए, लेकिन पता नहीं चल सका। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर बुलाए और उन्हें नदी में उतारकर युवती की तलाश कराई, लेकिन देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों के मुताबिक नाजमी की नवंबर में शादी होनी थी। उसी को लेकर कच्चे घर में लिसाई पुताई चल रही थी और नाजमी गीली मिट्टी लेने नदी किनारे गई थी।

## एक दिन की एसडीएम बनी छात्रा ज्योति भार्गव

संवाददाता, मितौली



कार्यालय में बैठी एसडीएम ज्योति भार्गव।

**अमृत विचारः** मिशन शक्ति फेज 05 कार्यक्रम के तहत एसडीएम मधुसूदन गुप्ता व खण्ड शिक्षा अधिकारी भगवान राव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय की कक्षा 08 की छात्रा ज्योति भार्गव को एक दिन के लिए एसडीएम मितौली बनाया गया।

ब्लॉक नोडल बालिका शिक्षा सलीम अहमद की अगुआई में बालिका को तहसील परिसर ले जाकर कन्या मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत बुधवार को एसडीएम मधुसूदन गुप्ता द्वारा छात्रा को कार्यभार ग्रहण कराया गया। कार्यभार ग्रहण कराए जाते ही ज्योति भार्गव ने सर्वप्रथम मौजूद स्टाफ का परिचय प्राप्त किया। मौजूद समस्त कर्मचारियों से अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने के लिए निर्देश दिए।

अधिवक्ता संघ मितौली के अध्यक्ष आशीष मिश्रा अपने केस की फाइल

**● एसडीएम ने छात्रा को ग्रहण कराया पदभार**

लेकर आए और अपनी समस्या एक दिन की एसडीएम बनी ज्योति भार्गव को बताई व इसके निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को ससमय निस्तारित करने के लिए एक दीन की एसडीएम निर्देशित किया1। एसडीएम मधुसूदन गुप्ता ने इस पहल की बहुत सराहना की वहीं एक दिन की एसडीएम के रूप में बालिकाएं हर कार्य को कर सकती है। बस मेहनत और लगन से अपने कार्य को करना चाहिए1 कार्यक्रम में खेल शिक्षक मुनेश कुमार व तहसील परिसर के अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बस से टकराई कार, महिला सहित पांच घायल

संवाददाता, पलिया कलां





बस से टकराने के बाद खड़ी कार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नोएडा से सवारियां लेकर नेपाल जा रही एक कार पलिया थाना क्षेत्र के अतरिया के पास निजी बस से टकरा गई। हादसे में कार सवार एक महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी कार सवार धनगढ़ी नेपाल जा रहे थे। घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर चालक समेत तीन घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया है।

हादसा बुधवार की सुबह हुआ। नेपाल के धनगढ़ी जिला कैलाली निवासी पशुपति देवी, धर्मवान, रंजीत सिंह व एक अन्य नोएडा से कार बुक कराकर अपने घर वापस आ रहे थे। कार चालक महेश कुमार चला रहा था। बताते हैं कि कार जब पलिया के निकट अतरिया गांव के पास पहुंची। तभी चालक को झपकी लग गई। इससे कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रही पलिया बस यूनियन की निजी बस से टकरा गई। कार का अगला हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त

**● चालक को झपकी आने से हो गया हादसा**

हो गया। हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पलिया भेजा, जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज कर हालत गंभीर होने पर चालक महेश कुमार, रंजीत सिंह व धर्मवान को लखीमपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने घायलों के परिवार वालों को हादसे की जानकारी दी। सूचना



सड़क पर पड़ी घायल महिला।

पर पहुंचे परिजन घायल महिला पशुपति व एक अन्य युवक को धनगढ़ी नेपाल रवाना हो गया।

## तेंदुआ के हमले में साइकिल सवार घायल

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** पढुआ थाना क्षेत्र के कई गांवों में तेंदुओं की मौजूदगी देखी जा रही है। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। मंगलवार शाम बबियारी गांव के पास तेंदुए ने हमला कर एक साइकिल सवार का गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को सीएचसी रमियाबेहड़ में भर्ती कराया गया है।

गांव बबियारी निवासी मिश्री लाल (45) मंगलवार को पढुआ बाजार आए थे। वह शाम को साइकिल से अपने घर वापस जा रहे थे। गांव के निकट रास्ते में गन्ने के खेत से

**● घायल को रमियाबेहड़ सीएचसी में कराया गया भर्ती**

निकले तेंदुए ने मिश्री लाल पर हमला कर दिया। इस बीच पीछे से आ रहे दो बाइक सवारों ने खूब शोरगुल किया। तब जाकर तेंदुए ने मिश्री लाल को छोड़ा और भाग निकला। तेंदुए के हमले में मिश्री लाल के हांथ, गर्दन और सीने में गहरे जख्म हैं। मौके पर पहुंचे परिजनों ने सीएचसी रमियाबेहड़ में भर्ती कराया। घटना से पढुआ, गौरिया, प्रमोधापुर, लौखनिया आदि गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण खेतों की तरफ जाने से कतरा रहे हैं।

## राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल भवन का नहीं हुआ उद्घाटन

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचारः** नगर पंचायत मैलानी में दशकों से किराए के मकान में आयुर्वेदिक अस्पताल संचालित रहा। उसके बाद मकान मालिक रमेश चंद्र शर्मा ने अस्पताल के नाम जमीन को दान में दे दी, जहां पर हाल में ही बनाये गये भवन का उद्घाटन नहीं हो सका है।

नगर पंचायत मैलानी में पलिया रोड पर स्थित किराए के मकान में आयुर्वेदिक अस्पताल काफ़ी समय से चल रहा था। जो कि जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच गया था। नगर वासियों व डाक्टरों के प्रयासों से सरकार ने भवन बनाने की मंजूरी दे दी कुछ समय बाद धन

**● बारिश के मौसम में परिसर में उग आई घास**

स्वीकृत होकर दो वर्ष पूर्व राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल का निर्माण हो गया। इसके बाद सक्षम अधिकारियों की उदासीनता के चलते अभी तक न ही काम पूरा हो सका और न ही उद्घाटन हो पाया है। अस्पताल परिसर में घास उग आई है।

आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रभारी डॉ. योगेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि अस्पताल बनकर तैयार है। कुछ काम अभी भी बाकी है, मिट्टी भी पड़नी बाकी है। पानी का निकास भी नहीं है। संस्था द्वारा पूरा काम करके हैंडओवर करे, जिससे मरीजों को यहां देखा जा सके।





मैलानी में बनकर तैयार आयुर्वेदिक अस्पताल भवन। ● अमृत विचार

> आयुर्वेदिक अस्पताल की बिल्डिंग तैयार हो चुकी है। बिजली कनेक्शन के लिए रुका हुआ था, कनेक्शन भी अब हो गया है। मिट्टी पड़ने के बाद उच्च अधिकारियों से जांच करवाकर भवन डॉक्टरों के सुपुर्द कर दिया जाएगा।
>
> -**विवेक कुमार**, जेई मैलानी।

## दुष्कर्म का आरोपी अध्यापक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा विभाग की एक महिला शिक्षका से दुष्कर्म के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने मितौली नवोदय विद्यालय के आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को चालान कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।

कौशांबी जिले का रहने वाला राजू सरोज नवोदय विद्यालय मितौली में शिक्षक के पद पर तैनात है। वह विद्यालय में ही रहकर अपनी नौकरी करता है। जिले में ही बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात एक महिला शिक्षक सोशल मीडिया के जरिए शिक्षक राजू सरोज के संपर्क में आई। धीरे-धीरे दोनों में जान पहचान हो गई। आरोप है कि राजू सरोज महिला के कमरे पर पहुंचा। अकेला पाकर उसे दबोच लिया और ष्कर्म किया। इस दौरान अश्लील वीडियो भी बनाई और फोटो भी खींचे। फिर इन फोटो और वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल कर कई बार शारीरिक शोषण किया। महिला ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने मंगलवार की देर शाम आरोपी को मितौली से गिरफ्तार कर लिया।

